पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 21 ◆ रायपुर 05 मई 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के कौशल विकास को लेकर किए 4 महत्वपूर्ण एमओयू, खुलेंगे रोज़गार के नए द्वार

# युवा शक्ति से होगा 'विकसित भारत' का निर्माण: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया।**

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है। भारत एक युवा देश है और यदि युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले, तो हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए।





### मुख्यमंत्री ने कौशल, रोजगार और आजीविका पर नीति-आयोग की कार्यशाला का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं और जनजातीय वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य समर्थन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और जनजातिय समुदाय के आजीविका के लिए प्रशिक्षण से रोजगार के नये अवसर शुलभ होंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वर्ष 2013 से कौशल विकास को तीव्रता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है।

उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के साथ समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत राज्य के युवाओं को ट्रैक्टर निर्माण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से बस्तर और सरगुजा अंचल के ग्रामीण युवाओं तथा उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मैकेनिक जैसे कौशलों की भारी मांग है, लेकिन कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता कम है। सरकार इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए व्यापक योजना तैयार कर रही है। साथ ही उन्होंने महुआ, इमली, साल जैसे वन उत्पादों से मूल्यवर्धन कर स्थानीय लोगों की आजीविका को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।



## छत्तीसगढ़ बना जीएसटी संग्रह में अग्रणी राज्य



**रायपुर।** अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है ।

सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर-जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति,सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता,पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है। इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### कोरबा जिले के पाली विकासखंड के ग्राम मदनपुर में उतरा मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर, समाधान शिविर में हुए शामिल

# शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की हकीकत जानने का माध्यम है सुशासन तिहार - मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड के ग्राम मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और प्राप्त आवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन तिहार आमजन से सीधे संवाद और योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में हम प्रदेश के किसी भी कोने में बिना पूर्व सूचना के जाएंगे, वस्तुस्थिति जानेंगे और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के हर वादे को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य निर्धारित करते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में राशि पहुंचाकर उन्हें आर्थिक संबल दिया गया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पारिश्रमिक राशि 4 हजार से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दी गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ योजना को पुन: प्रारंभ कर बुजुर्गों की आस्था को सम्मान देने की दिशा में कदम उठाया गया है।



### गांव में ही मिलेंगी बैंक जैसी सुविधाएं

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि 24 अप्रैल से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। अब ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ने की जरूरत नहीं होगी। इन सेवा केंद्रों में राशि आहरण, जाति, निवास जैसे दस्तावेजों की सुविधा भी उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए नामांतरण प्रक्रिया को सरल बनाया है।

# रेल प्रशासन ने चलाया बिना टिकट यात्रा करने वालों के विरूद्ध अभियान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



## वेंडरों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई, कुल 16720 रूपये जुर्माना किया गया

**भाटापारा।** रेल्वे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरो के माध्यम से विभिन्न ट्रेनो तथा स्टेशनो मे गुणवत्ता युक्त खान पान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रहीं है खान पान की गुणवत्ता को कायम रखने तथा उसमे सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ रेल प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है उसके बावजूद रेल्वे प्रशासन को अनाधिकृत वेडिंग की शिकायत मिल रहीं थी इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुये रायपुर रेल मंडल प्रबंधक दयानंद ने स्वयं विभिन्न ट्रेनो व स्टेशनो मे पहुंचकर अवैध वेंडर की जांच की उक्त जांच अभियान मे वांणिज्य प्रबंधक राकेश सिंग, पांच वाणिज्य निरीक्षक तथा वांणिज्य कार्यालय के स्टाफ एवं टीटीई द्वारा प्रमुख स्टेशनो व विभिन्न यात्री ट्रेनो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टिकट चेकिंग अभियान भी चलाया गया यह अभियान रायपुर से भाटापारा तथा रायपुर से दुर्ग के बीच चला जिसमे साउथ बिहार एक्सप्रेस, छत्तीसगढ एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस के अलावा विभिन्न पैसिंजर व लोकल ट्रेनो मे औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान 11 अनाधिकृत वेंडर पकडे गये जिन्हे आगे की कार्यवाही हेतु आरपीएफ के हवाले किया गया वहीं सभी केटरिंग संचालको को बिना प्लेट फ ार्म परमिट के प्लेट फ ार्म एवं यात्री ट्रेनो मे खाद्य सामाग्री नहीं बेचे जाने की सख्त हिदायत दी गई। रेल मंडल प्रबंधन ने अनाधिकृत वेंडिग को पूर्णतरू प्रतिबंधित करने के लिये आगे भी कडी कार्यवाही करने के संकेत दिये है। इसी तरह विभिन्न यात्री ट्रेनो मे बिना टिकट यात्रा करने वाले तथा निर्धारित क्षमता से अधिक सामान ले जाने वाले लोगो के विरूद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे बिना टिकट के 33 मामले बनाये गये वहीं 13 मामले अनियमित टिकट के पाये गये जिस पर आर्थिक दंण्ड स्वरूप 16720 रूपये बतौर जुर्माना वसूल किये गये। रेल्वे सूत्रो का कहना है कि आगे भी बिना टिकट यात्रा करने वाले एवं अवैध वेंडरो के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला जारी रहेगा।

# कन्हैया साहू सम्मानित होंगे राजस्थान में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** राजस्थान प्रांत के सलूम्बर की सलीला संस्था की डॉ. विमला भंडारी ने अखिल भारतीय गीत लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुरस्कार विजेताओ मे राष्ट्रीय बाल गीत लेखन के क्षेत्र मे छत्तीसगढ राज्य से एक मात्र विजेता बाल रचनाकार कन्हैया साहू अमित को पूरे देश मे सातवां स्थान प्राप्त हुआ है। उनकी रचनाओ की चयन मे बाल गीतो का संकलन गीत सुहाने बचपन के आगागी पुस्तक मे प्रकाशित किया जायेगा। कन्हैया साहू द्वारा अपने बाल गीत विधा मे मौलिक अप्रकाशित एवं अप्रसारित रचना को आकर्षक रूप से छंन्द बद्ध करते हुये प्रेषित किया गया था जिसके तहत उनकी रचना को पुरस्कार योग्य समझा गया है। कन्हैया साहू भाटापारा ब्लाक के ग्राम लमती स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मे सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है इसके पूर्व भी उन्हे



अनेक साहित्यक संस्थाओ द्वारा उनके उत्कृष्ट लेखन के लिये सम्मानित व पुरस्कृत किया जा चुका है। राजस्थान राज्य मे उनके सम्मान के लिये चयन होने पर स्थानीय साहित्यकार अजय साहू, अशोक साहू, संतोष साहू, हेमंत साहू, जनक साहू, महेन्द्र साव, नारायण साहू, राजेश साहू, लुकु साव सहित अन्य लोगो ने प्रसन्नता प्रकट करते हुये बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में डिकेश ध्रुव का चयन



**भाटापारा।** 68वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में आगामी 22 से 27 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गई है। इस खेल प्रतियोगिता मे गतका खेल हेतु खोखली के डिकेश ध्रुव का चयन किया गया है, डिकेश का चयन राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में चयनित होने पर हिमांशु भारती, आलोक गुप्ता, रामजी पाल, अनुजराम कुर्रे, अमित तिवारी, आलोक मिश्रा, तरुण सेन, द्रोण ध्रुव, उमा प्रसाद राठौर, परिचय मिश्रा, योगेश कटेलिहा,चंद्रकांत बागड़े, संजीव ध्रुव व शुभम तिवारी एवं भूमेश पांडे ने बधाई दी है।

### हमसफर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाये जाने से रेल यात्रियों को राहत

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य के दुर्ग रेल्वे जंक्शन से निजामुददीन तक चलने वाली दुर्ग निजामुददीन दुर्ग हमसफ र एक्सप्रेस मे रेल प्रशासन ने यात्रियो के हित मे अधिकाधिक सुविधा बहाल करने तथा रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले तमाम रेल यात्रियो को कंर्फ म बर्थ उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ट्रेन क्रमांक 22867– 22868 दुर्ग निजामुददीन दुर्ग हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन मे 02 एसी–03 कोच की सुविधा अस्थाई रूप से उपलब्ध कराई जा रहीं है उक्त सुविधा ट्रेन क्रमांक 22867 दुर्ग निजामुददीन हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन मे 22 अप्रेल दिन मंगलवार से आगामी 08 जुलाई दिन मंगलवार तक उपलब्ध रहेगा वहीं ट्रेन क्रमांक 22868 निजामुददीन दुर्ग हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन मे 23 अप्रेल दिन बुधवार से 09 जुलाई दिन बुधवार तक उपलब्ध रहेगी उक्त सीट की उपलब्धता से दुर्ग से निजामुददीन के बीच यात्रा करने वाले हजारो रेल यात्रियो को लाभ प्राप्त हो सकेगा। दुर्ग निजामुददीन हमसफ र एक्सप्रेस मे 17 एसी 03 कोच मे दो अतिरिक्त कोच लगाये जाने के बाद 19 एसी 03 कोच के साथ उक्त ट्रेन दौड़ेगी जिससे अधिकांश रेल यात्रियो को अब कंर्फ म बर्थ मिल सकेगा व तमाम रेल यात्री सुविधापूर्ण ढंग से अब अपनी यात्रा कर सकेंगे।



### हुंकार रैली में शामिल हुये बड़ी संख्या में कांग्रेसी

**भाटापारा।** विधानसभा क्षेत्र से रायपुर मे आयोजित कांग्रेस की हुंकार रैली मे बडी संख्या मे कांग्रेसी नेता भाग लेने पहुंचे जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, मोहन केशरवानी, अरूण यदू, संतोष अग्रवाल, सचिन्द्र शर्मा, संजय शर्मा, प्रमिला साहू, सुनीता यादव, गौरी भृगु, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, उर्मिला एवं दिवाकर मिश्रा सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल थे।



# शहर में अवैध कब्जा बना नासूर जिला प्रशासन ठोस कार्यवाही करें

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे अवैध कब्जा रूकने का नाम नहीं ले रहा है एक लंबे समय से अवैध कब्जाधारियो के विरूद्ध प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने के कारण अवैध कब्जा करने वालो के हौसले बुलंदी पर है शहर मे शहर थाना के सामने से लेकर गोविंद चैक सदर बाजार पंचायती मंदिर जैन मंदिर होते हुये सती मंदिर से बस स्टैड चैक कालेज गेट के साथ साथ ग्राम खोलवा तक सड़क के दोनो छोर पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे से कच्चे पक्के मकान दुकान चबूतरे व डुप्लीकेट नाली का निर्माण धडल्ले से किये जाने के कारण उक्त प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग की चैड़ाई निरंतर घट रहीं है जिससे यातायात मे जहां व्यवधान उत्पन्न हो रहा है वहीं लगातार यातायात बाधित हो रहा है कच्चे पक्के अवैध कब्जो के साथ साथ सड़क पर दुकानदारी करने वालो के कारण सड़क पर चलना अब दुश्वार हो गया है सड़क बाधा करने वालो के विरूद्ध प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने की वजह से कुछ लोग अब बची खुची सड़क पर विभिन्न वाहनो की 24 घंटे पार्किंग भी कर रहे है इसके अलावा सड़क मे दुकानो के सामान व बोर्ड रखे जाने से यातायात पूरी तरह अवरूद्ध हो रहा है और यही कारण है कि आये दिन लोग सड़क दुर्घटना मे चोटिल हो रहे है उक्त प्रमुख मार्गो के अलावा शहर के विश्रामगृह चैक से लेकर तरेंगा नाका नांदघाट रोड तक सड़क के दोनो छोर पर अवैध कब्जे से निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहे है इसी प्रकार की स्थिति महारानी चैक से कांग्रेस भवन जय स्तंभ चैक रामसप्ताह चैक होते हुये गोविंद चैक अनाज लाईन पुराना अंडरब्रिज हटरी बाजार क्षेत्र बस स्टैड क्षेत्र मंडी क्षेत्र एवं माता देवालय पुराना बाबूलाल टॉकिज से लेकर खोखली गांव पहुंच मार्ग तक बेखौफ सड़क पर अवैध कब्जे हो रहे है जिससे एक ओर जहां यातायात जाम हो रहा है वहीं दूसरी ओर सड़को की चैड़ाई कम हो रहीं है इसी प्रकार के हालात लिंक रोड मे भी है वहीं शहर के तमाम अंदरूनी वार्डो मे भी अवैध कब्जा करने होड़ मची हुई है अवैध कब्जा करने वालो ने तो बडे बडे नालो को भी नहीं छोड़ा है जिसके कारण नाले अब नाली के रूप मे तब्दील हो गये वहीं महत्वपूर्ण तालाब जिसमे कल्याण सागर तालाब, पैठू डबरी, कईहा तालाब, मयूर स्कूल के सामने स्थित तालाब, रामसागर तालाब, माता देवायल स्थित तालाब, नक्खी बाबा तालाब के अलावा छोटे बडे अन्य तालाब कब्रिस्तान, श्मशान भूमि, चारागाह, खेल मैदान के अतिरिक्त गुरूनानक वार्ड पंचशील नगर टेंहका भांठा का एक बड़ा हिस्सा अवैध कब्जाधारियो के चंगुल मे बूरी तरह घिर चुका है जिस पर प्रशासन को ठोस कार्यवाही करते हुये अवैध कब्जा के बढते अवैध कारोबार को रोकना जरूरी हो गया है इसके अलावा प्रशासन को जिला स्तर के अधिकारियो की उपस्थिति मे संयुक्त रूप से राजस्व प्रशासन, नजूल प्रशासन, तहसील प्रशासन, कृषि उपज मंडी प्रशासन, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन तथा यातायात पुलिस प्रशासन सहित अन्य लोगो की संयुक्त बैठक कर विशेष मुहिम अवैध कब्जा हटाने के संबंध मे अविलंब कार्यवाही प्रारंभ करना चाहिये ताकि बेशकीमती जमीन एवं बहुमूल्य सड़क की सुरक्षा भू–माफि या से हो सके एवं लोग सरलता एवं सुगमता पूर्वक सड़क पर आ जा सके।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने



जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। पहलगाम की क्रुर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है। जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गर्माया जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी।

- ललित गर्ग

# क्या हिंसक नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है



नक्सलवाद के नाम पर कत्लेआम करने वाले नक्सलियों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।

नक्सली हिंसा से ग्रसित देश का जनजीवन भय मुक्त होने जा रहा है। देश के दुर्गम क्षेत्रों में रहवासी आदिवासियों के विकास की राह प्रशस्त होती जा रही है। यह पहली बार है जब नक्सलियों को नेस्तनाबूद करने केंद्र सरकार सहित राज्य सरकारों ने संयुक्त अभियान चलाया है। नक्सली अपना वजूद बनाए रखने के लिए बार बार सरकार से वार्ता करने की गुहार लगा रहे हैं। सरकार तटस्थ होकर अपने अभियान में जुटी हुई है।

## आतंक का खत्मा सरकार का वायदा –

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र देश को आतंकवाद से मुक्त करने का वादा किया था। अब देश आतंकियों उपद्रवियों से देश मुक्त हो रहा है। सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते नक्सली उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलवाद के खिलाफ ज़ीरो टालरेन्स नीति के तहत इस साल 2025 में अब तक 134 नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। भय के चलते नक्सली आत्म समर्पण कर रहे है। 2024 में नक्सलियों के खिलाफ चले अभियान में 290 नक्सली मारे गये,1090 को गिरफ्तार किया गया और 881नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

## नक्सलवाद हिंसक धंधा –

मानवता, समाज, प्रकृति के प्रबल शत्रु नक्सलियों पर किसी भी प्रकार से रहम करना हमारी भूल होगी। क्योंकि नक्सलवाद के नाम पर हिंसा व्यापार चला रहे हैं। चारू मजूमदार का नक्सलवाद ही हिंसक गिरोह होकर एक खास वर्ग का धंधा बन गया। जिसने एक लंबे समय से सुपारी लेकर लोगों को मारने का काम किया है। देश भर और आतंक का माहौल फैलाने के लिए विदेशी फंडिंग पर भी नक्सली संगठन सक्रिय रहे। नक्सलवाद के त्रि-स्तरीय ढांचे में पहले वे तथाकथित समाजसेवी, बुद्धिजीवी आते हैं जो विदेशी फंडिंग से नक्सलियों के जरिए हिंसक वारदातें करवाते रहते हैं। ऐसे लोग अदालतों में, मानवाधिकार संगठन में नक्सलियों के मामलों पर सवाल उठाते रहते हैं। मीडिया में जब तब सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हैं। अर्बन नक्सली नक्सलियों को हथियार, विस्फोटक सामग्री सहित ज़रूरत के समान उपलब्ध कराते रहते हैं तीसरे जमीनी स्तर पर कार्यरत नक्सली जो जब तब तमाम हिंसक घटनाओं को अंजाम देते हैं। जंगलों में रहने वाले अनपढ़ भोले आदिवासियों को सरकार के खिलाफ भड़का कर उनके हाथ बंदूक थमा देते हैं। आदिवासियों को नक्सली बनाकर उनके जेहन में ज़हर भरकर उन्हें मौत के मुंह में ढकेलने में नक्सलियों ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। बस्तर के दुर्गम इलाकों जहां स्कूलों को खुलने नहीं दिया और ना ही सड़क बनने दी। एक लंबे समय तक नक्सली अपनी सामानांतर सरकार चलाते रहे। अपना खौफ बनाएं रखने के लिए खुली अदालतें लगातार लोगों को सजा के नाम उनकी नृशंस त्याग करते रहे। जब तब लोगों से फिरौती वसूलते रहे। नक्सली आम जन-जीवन में हिंसा के बीज बोते रहें।

## आदिवासियों को बनाया निशाना –

नक्सलवाद को भ्रष्टाचार अत्याचार के विरुद्ध आंदोलन बताकर भूले भटके नौजवानों को बंदूक थमाकर उन्हें मौत के मुंह में ढकेलने में नक्सली पीछे नहीं रहे। इन्हें पोषित वाले अर्बन नक्सली मलाई खाते रहे।

नक्सलवाद को बढ़ावा देने के लिए फंडिंग होती रही जिसमें देश के अनेक तथाकथित सेकुलर नक्सलियों को समर्थन देते रहे हैं।

नक्सलवाद के नाम पर बहुत सारे निर्दोषों की निर्ममता पूर्वक हत्या करते रहे। सुपारी लेकर हत्या करना इनकी कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। झीरम घाटी कांड में जघन्यतम नरसंहार इसका एक उदाहरण कहा जा सकता है। जिसकी गुत्थी कभी नहीं सुलझ सकेगी। घात लगाकर, बारूदी सुरंगें बिछाकर पुलिस के जवानों को मारकर नक्सलियों ने लंबे समय तक अपनी सामानांतर सरकार चलाई। जहां नक्सली खुली अदालत लगाकर पुलिस मुखबिर आदिवासियों की सरे-आम हत्या को अंजाम देते रहे।

## बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवाद –

बंगाल के नक्सलबाड़ी से 1960 के दशक शुरू हुआ नक्सलवाद देश के छह राज्यों में फ़ैल गया। समय के साथ सिमटते हुए बस्तर से लगे आंध्र और महाराष्ट्र तक सिमट गया और लंबे समय तक नक्सलियों ने आम आदमी के नाक में दम कर रखा है। बस्तर नक्सलवाद के कारण विकास में पिछड़ गया और नक्सली बने निरीह आदिवासी मारे जाते रहे। बस्तर की प्रकृति का नैसर्गिक सौंदर्य नक्सलियों की हिंसा के चलते लहूलुहान होते रहा। नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती तो मुठभेड़ में नक्सली बने आदिवासी मारे जाते और अदालतों जब तब सरकार की किरकिरी होती रही। इनके आंदोलन को चलाएं रखने के लिए स्थानीय अर्बन नक्सली के साथ सीधे दिल्ली से आनेवाले तथाकथित समाजसेवी भी कम नहीं है। जिनके कारण बस्तर की खबरें देश भर के मीडिया में सुर्खियों में बनी रहती हैं। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सरकार से जवाब-तलब किया जाता रहा है। सरकार ने नक्सली उन्मूलन अभियान चलाया है और नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। गृहमंत्री अमित शाह भी छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुके हैं जिन्होंने 2026 तक नक्सली समस्या का खत्म करने का संकल्प लिया है और देश के जवान इस काम को अंजाम देने में जुटे हैं।

नक्सलियों का जंगलों से सफाया हो रहा है पर नक्सलियों के रक्तबीज बने अर्बन नक्सलियों के खिलाफ साथ साथ कारवाई जरूरी है जो तथाकथित समाजसेवियों और नक्सलियों के बीच की कड़ी बने नक्सलवाद को बढ़ावा देते रहे हैं।

- रविन्द्र गिन्नौरे

# ईस्टर प्रार्थना सभा में अश्वनी शर्मा गणेशपुर व विश्रामपुर पहुंचे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रभु यीशु के अनुयायियों ने ईस्टर के मौके पर अनेक तरह से अपनी आस्था प्रभु यीशु के प्रति प्रकट की। इस मौके पर शहर के निकट स्थित ग्राम गणेशपुर और विश्रामपुर में चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान शर्मा ने कहा कि ईस्टर सामाजिक सौहाद्र का शुभ संदेश देने वाला पर्व है व यह दिन पुनरुत्थान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईस्टर का संदेश सिर्फ ईसाई धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अवसर नयी आशा के साथ प्रेम, सच्चाई और शांति की सीख लोगो को देता है। ईस्टर ईसाई धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है जिसे गुड फ्राइडे के दो दिन बाद मनाया जाता है। यह पर्व प्रभु यीशु के बलिदान के बाद उनके पुनर्जन्म और पुनरुत्थान का प्रतीक है, जिसे दोगुनी खुशी के साथ मनाया गया। मान्यता है कि ईस्टर संडे के दिन प्रभु यीशु पुनरू जीवित हो गए थे और 40 दिन तक पृथ्वी पर रहकर उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम, दया, क्षमा, मानवता और करुणा का पाठ पढ़ाया था, इसके बाद वे वापिस स्वर्ग लौट गये थे।

ऐसे में ईस्टर के मौके पर देशभर सहित नगर के नजदीक गणेशपुर एवं विश्रामपुर स्थित चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में ईसाई धर्म के अनुयायी जुटे। समाज के पदाधिकारियों के आमंत्रण पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी प्रार्थना सभा के कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होंने प्रभु यीशु के संदेश और ईस्टर पर बात करते हुये कहा कि, ईस्टर हमें सिखाता है कि चुनौतियों के बाद उम्मीद की नई किरण जागती है साथ ही यह अवसर सभी समुदायों के बीच शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि वे नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले हर समुदाय और समाज के लोगों को समान रूप से ध्यान में रखकर योजनाएं बना रहे हैं और काम कर रहे हैं। नपा अध्यक्ष शर्मा ने नगर विकास में हर समुदाय की सहभागिता की भी अपील की। इस शुभ अवसर पर पूर्व सरपंच अमित दास, अभिषेक दास, विकास पॉल एवं सुभाष हेनरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बिलासपुर काचेगुड़ा के बीच समर स्पेशल ट्रेन, भाटापारा रूकेगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर रेल जंक्शन से आगामी गर्मी की छुटटी मे विभिन्न यात्री ट्रेनो मे बढती भीड़ को मद्देनजर रखते हुये रेल प्रशासन ने बिलासपुर से काचेगुडा हैदराबाद के मध्य समर स्पेशल सुपर फ स्ट ट्रेन चलाने का फै सला लिया है। उपरोक्त समर स्पेशल सुपर फ स्ट ट्रेन 08 फे रा के लिये चलेगी जिसके तहत आने वाले 12 मई, 19 मई, 26 मई तथा 02 जून 2025 को प्रत्येक सोमवार के दिन प्रातरू 10 बजकर 05 मिनट पर बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से ट्रेन क्रमांक 08263 चलेगी बिलासपुर से छूटने के बाद उक्त ट्रेन सुबह 10 बजकर 43 मिनट पर भाटापारा आकर रूकेगी यहां से रवाना होने के बाद उपरोक्त सुपर फ स्ट ट्रेन रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ, गोंदिया, वड़सा, बल्लारशाह, सिरपुर कागज नगर, मेंचिर्याल, रामगुण्डम, कांजीपेठ, चरलापल्ली व मलकानगिरी रूकते हुये काचेगुड़ा पहुंचेगी वहीं वापसी मे उक्त ट्रेन गाडी नंबर 08264 के साथ शुरू होगी और काचेगुडा से प्रातरू 04 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात्रि 08 बजकर 25 मिनट पर भाटापारा रेल्वे स्टेशन पहुंचेगी यह विदित रहे कि सैकड़ो की संख्या मे भाटापारा रेल्वे स्टेशन से लोग दक्षिण राज्य की ओर अच्छी शिक्षा के साथ साथ व्यापारिक कार्य एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिये उपचार कराने हैदराबाद की ओर जाते है वर्तमान मे यात्रियो की भारी भीड़ को देखते हुये रेल प्रशासन ने ग्रीष्म अवकाश मे घूमने जाने वाले यात्रियो के हित मे समर स्पेशल के रूप मे उक्त ट्रेन को संचालित कर यात्रियो को बेहतर सुविधा देने का प्रयास किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्वनी शर्मा के प्रयास से बोर के व्यर्थ बहते पानी को रोकने उठाया गया कदम



**भाटापारा।** शहर सीमा अंतर्गत स्थानीय लाल बहादूर शास्त्री वार्ड तथा शहीद वीर नारायण सिंग वार्ड मे कराये गये बोर के व्यर्थ बहते पानी को रोकने की दिशा मे पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्ग निर्देशन मे उक्त बोर के पानी के बहाव को पाईप लाईन से जोडते हुये जनता के घरो तक पहुंचाने का काम किया गया है इस दिशा मे पालिकाध्यक्ष के प्रयास से अब तक आठ बोर के पानी को पाईप लाईन के जरिये जोड़ते हुये लोगो के घरो तक सुलभ रूप से जल पहुंचाया जा रहा है जिससे विभिन्न बोरो मे व्यर्थ बह रहे पानी का अपव्यय कम हुआ है उक्त कार्य की लोगो ने सराहना करते हुये उक्त मुहिम की प्रशंसा की है व कहा है कि जल संकट से जूझ रहे क्षेत्र को इस कदम से राहत मिलेगा व जल संरक्षण की दिशा मे एक बेहतर कार्य हो सकेगा। उपरोक्त अवसर पर पार्षद कुंजराम कोशले व लक्ष्मीकांत टंडन सहित बडी संख्या मे आम नागरिक उपस्थित थे।

### अश्वनी शर्मा ने बलभद्र वार्ड में नाली निर्माण का भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** स्थानीय बलभद्र वार्ड मे वार्डवासियो की बहुप्रतीक्षित नाली निर्माण की मांग को पूरा करते हुये नाली निर्माण कार्य भूमिपूजन पालिकाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि नागरिको की मूलभुत सुविधा को उपलब्ध कराने एवं शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा मे लगातार कार्य किये जा रहे है। उक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, गोविंद पटेल, उमाकांत वर्मा, कीर्तन जायसवाल, देवेन्द्र साहू, अजीत राजपूत, एसपी तिवारी, सुरेश दांडेकर, शिव वर्मा, सूरज साहू, बिरजू बंजारे, सहदेव ढीमर, ईश्वर जायसवाल, सुखदेव साहू, ऋषि सिंग, संतोष बंजारे, लक्ष्मण गेण्डरे, भूपेश भटट, मोहन बांधे, सुनंद मिश्रा व हुलासराम साहू सहित बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित थे।

### अश्वनी शर्मा ने स्कूल में प्याउ घर का शुभारंभ किया



**भाटापारा।** स्थानीय विश्रामगृह के सामने स्थित नगर पालिका कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पहुंचकर शीतल जल प्रदान करने वाले प्याऊ घर का उद्घाटन किया इस अवसर पर स्काउट गाइड दल के अनेक लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर शिक्षिका सुशीला साहू, राजेंद्र जोशी नंदकिशोर वैष्णव आशीष पुरोहित मीरा साहू श्रवण सिंगरावल रामजी पाल दुर्गेश शर्मा मुकेश देवांगन सुशील वर्मा नंदकिशोर शर्मा आनंद शर्मा संतोष अग्रवाल एम पंसारी नारायण यादव सुनीता देवांगन वर्षा वर्मा सुनीत वर्मा योगेश्वर यादव डलेश्वरी ठाकुर टीकाराम साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# लरिया केवट समाज के सम्मेलन में शामिल हुये शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** तरेंगाराज लरिया केवट निषाद समाज का अधिवेशन गत दिनो सिंगारपुर मे संपन्न हुआ। जिसमे दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया गया कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में महाधिवेशन में आये समस्त केंवट समाज के लोगो को बधाई एवं शुभकामनाये देते हुये कहा कि भगवान श्रीराम के परम सखा गुहा निषाद राज को निषाद समाज अपना आर्दश मानते हैं, समाज में अधिक से अधिक आर्दश विवाह को प्रोत्साहित करने के लिये उन्होने आव्हान किया साथ ही समाज के छोटे बच्चों को शिक्षित करने की दिशा मे आगे आकर लरिया केंवट समाज को शिक्षित बनाने पर उन्होने जोर दिया। केंवट समाज के प्रमुख लोगो की मांग पर शर्मा ने सर्व सुविधायुक्त छात्रावास बनवाने की स्वीकृति जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया। उन्होने समाज के लोगो से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिये आगे आने कहा। उक्त अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास के लिये अपने पैतृक व्यवसाय को बढ़ावे, शिक्षा को महत्व देवे, और राजनीति के क्षेत्र में भी अधिक से अधिक भागीदारी निभावें। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी गण चारों राज के पदाधिकारी गण तरेंगाराज, लवनराज, खल्लारीराज, सोमनाथ राज के अलावा लोकनाथ निषाद, रघुनाथ निषाद, रामायण, राजकुमार, अजीत निषाद, सुधेराम, विजय, हीरा सिंह, रामलाल, चोवाराम, शिव कुमार, खोमकरन, खेदन, कलाराम, श्यामलाल, मन्नू लाल, खिलेश्वरी, रमा, डिगेश्वरी, दीपक, रामप्रसाद, श्रीराम, बद्रिका, रमेश, प्रेम, देव, शैलेंद्र, ब्रजेश निषाद एवं बडी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरयूपारीण ब्राम्हण समाज ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

## शिवरतन शर्मा व अश्वनी शर्मा भव्य कार्यक्रम में हुये शामिल

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे ब्राम्हण समाज के लगभग 650 से अधिक सदस्यो ने बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाई। सरयूपारीण बाम्हण समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया समाज ने माहेश्वरी भवन में भव्य आयोजन के बीच में समाज के लगभग 650 विप्रजनो की उपस्थिति में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, पार्षद मनीष मिश्रा, राकेश तिवारी, सुनील तिवारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के संरक्षक नरेन्द्र शर्मा ने की। समाज को संबोधित करते हुये शिवरतन शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के द्वारा बहुत ही शानदार एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अनेक प्रतिभाओं का सम्मान करना उनके प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया साथ ही बच्चों के द्वारा भगवान श्रीराम के वंशावली को बताना एवं अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाया। वही ब्राम्हण में किस तरह के गुण और ब्राम्हण समाज के लिए किस तरह से कार्य करना चाहिए इसे अपने संबोधन में शिवरतन शर्मा ने बताया वही नगर पालिका के युवा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सम्मान देने के लिए सभी का आभार जताया साथ ही नगर पालिका चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान कर उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष चुनने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। समाज के तरफ से समाज के अध्यक्ष सुनील दुबे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तपती धूप में समाज के सक्रिय सदस्यों द्वारा समाज के लोगो को जोड़ने के लिए जो अभूतपूर्व प्रयास किया गया इस हेतु उन्हें हृदय से आभार व्यक्त किया। शिवरतन शर्मा के द्वारा सरयूपारीण ब्राम्हण समाज के भवन के जीर्णोद्धार के लिए पूर्व में 10 लाख दिए जाने पर आभार व्यक्त किया। ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी ने समाज को संकल्प दिलाया जिसमें प्री-वेडिंग सूट का बहिष्कार करने के लिए अपील की, जिसे सबने सहर्ष स्वीकार किया। अतिथियो के स्वागत मे समाज के मिहिका, राशि, अजिंक्या ने सुंदर रंगोली बनाई। स्वागत गीत निकिता शर्मा, महक शर्मा द्वारा किया गया। भव्य नृत्य की प्रस्तुति प्रिशा चैबे द्वारा एवं गणेश वंदना में नृत्य निया शर्मा द्वारा, मोक्ष दुबे द्वारा राम वंशावली एवं बजरंग बाण का वाचन किया गया। मंच संचालन मनोज पांडे ने किया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने उषा मिश्रा, कविता शर्मा, एनपी मिश्रा, शंकर दयाल शर्मा, राजेंद्र दुबे, प्रकाश शर्मा, मनीष शुक्ला, जितेन्द्र शर्मा, लक्ष्मीधर दीवान, संदीप चैबे, अनिल पांडे, राज दीपक पांडे, मनोज पांडे, प्रशांत दीवान, सूर्यकांत तिवारी, धनेश तिवारी, संतोष शर्मा, अशोक शर्मा, संजय तिवारी, हितेश शर्मा, टुपेन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, आनंद शर्मा, पवन पांडे, सुनील तिवारी, रुपेश मिश्रा, कोमल शर्मा, सुनील शर्मा, रामगोपाल शर्मा, राजू दुबे, सनत ममता दीवान, सरिता शर्मा, निशा आनंद शर्मा, सुषमा मिश्रा, शालिनी तिवारी, रश्मि तिवारी, मिनाक्षी शर्मा, निशा आनंद व शालिनी तिवारी आदि सदस्यों का अमूल्य सहयोग के परिणाम स्वरूप गौरवशाली कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रियंका तिवारी एवं छात्र-छात्राओं का सम्मान अतिथि एवं अध्यक्ष संरक्षक के द्वारा किया गया जिसमें प्रतिभाशाली बच्चे श्रेयांश पिता स्वर्गीय दिनेश तिवारी, सार्थक संजय मिश्रा, चिन्मय राजेंद्र दुबे, समृद्धि संजय तिवारी, आंचल-झम्मन शास्त्री, वागिशा झम्मन शास्त्री, आयुष अशोक शर्मा, अनुभा इंद्रमान शर्मा, आर्यव संतोष पांडे, हर्ष व्यास नारायण दुबे को सम्मानित किया गया।

# रेल अधिकारी अवधेश त्रिवेदी ने यात्री ट्रेनों व प्लेट फार्म पर औचक निरीक्षण करते हुये एक लाख रूपये से अधिक का जुर्माना विभिन्न लोगों पर ठोंका

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वांणिज्य प्रबंधक अवधेश त्रिवेदी ने स्टाफ के साथ मिलकर तिरूनवेली एक्सप्रेस, दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस के साथ विभिन्न रेल्वे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरो की जांच की जिसमे 04 अनाधिकृत वेंडर पकडे गये इसके अलावा 03 पर लगेज की जुर्माने की कार्यवाही की गई स्टेशन पर खान पान की विभिन्न अनियमितताओ पर लगभग 37000 रूपये तथा 64000 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसी तरह अन्य प्रकरण मे 101000 रूपये का जुर्माना कुल वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही स्टेशन व विभिन्न यात्री ट्रेनो मे यात्रियो को उपलब्ध कराई जा रहीं खान पान की गुणवत्ता को बरकरार रखने हेतु आगे भी जारी रहने की जानकारी रेल्वे सूत्रो ने दी है इसी प्रकार प्लेट फ र्म पर ट्राली चलते हुये पाये जाने पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया जबकि उन्हे केवल जनरल कोच के सामने ही सामान बेचने की अनुमति दी गई थी इसी तरह अन्य गतिविधियो मे नियमो के उल्लंघन पर भी जुर्माना की कार्यवाही की गई। ट्रेन मे बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री तथा ट्रेन मे यात्रा करने वाले बिना टिकट के यात्री किन्नर के अलावा अनाधिकृत रूप से दृष्टिबाधित व्यक्ति द्वारा टेकृन के अंदर पान गुटखा, मसाला, तंम्बाकू व सिगरेट बेचकर नियमो का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई। 7-8 स्टालो पर जाकर जनता खाना बेबी फूड के संबंध मे जानकारी ली गई लेकिन उक्त किस्म के खान पान स्टाल पर उपलब्ध नहीं था वहीं ट्रेनो मे उचित कूलिंग सिस्टम नहीं पाये जाने पर मिस्टिंग सिस्टम को दुरस्त कराया गया इसी तरह स्टेशन मे उपलब्ध ठंडा पानी महंगे दर पर बेचने वालो पर भी कार्यवाही की गई साथ ही यात्री प्रतीक्षालय प्लेट फ र्म तथा रेल यात्रियो के बैठने के स्थान पर तापमान मापी उपकरणो की सहायता से तापमान की जांच भी की गई। रेल्वे अधिकारिये ने ट्रेन क्रमांक 22619 बिलासपुर से तिरूनवेली जाने वाली टेकृन तथा 12549 दुर्ग से उधमपुर जम्मू की ओर जाने वाली ट्रेन का भी निरीक्षण किया गया। रेलवे अधिकारियो के समक्ष एक ही ट्रे मे रखकर वेज एवं नानवेज खाना बेचते हुये पाये जाने पर फू ड प्लाजा वाले पर 5000 रूपये जुर्माना की कार्यवाही की गई इसके अलावा अनियमितताओ पर वेंडरो सहित अन्य लोगो को सख्त चेतावनी देते हुये भविष्य मे कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई। रेल्वे अधिकारियो का कहना है कि सभी केटरिंग संचालको को बिना प्लेट फ र्म परमिट के प्लेट फ र्म एवं यात्री ट्रेनो मे खाद्य सामाग्री नहीं बेचे जाने की चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### महावीर वार्ड में श्रीमद भागवत कथा जारी

**भाटापारा।** महावीर वार्ड मे बंद पडे चीर बंगले के पास श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमे चित्रकू ट धाम वासी कथा वाचिका राधिका देवी द्वारा कथा के पाँचवे दिन कृष्ण के बाल लीला का वर्णन किया गया जिसमे कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुये उन्होने मनुष्य जीवन मे जीवन जीने कि कला सिखाने की बात कही कथा वाचिका ने कहा कि भगवान को बार बार निहारने से उनके नाम लेने से भगवान भी हमे देखता है और हमारा ध्यान रखता है व जीवन जीने का नजरिया सदैव चमकदार रहता है जीवन मे सदैव महत्व सदैव गुणों का रहता है स्वरूप तो आकर्षण मात्र होता है उन्होने कहा जिस तरह कौवा व कोयल दोनो काले होते है पर इंसान महत्व कोयल को देता है क्योंकि उनका आवाज कर्ण प्रिय होता है व भगवान नारायण को भी प्रिय होते है। उक्त धार्मिक आयोजन नगर के ख्याति प्राप्त रमन-चमन होटल के संचालक परिवार द्वारा आयोजित किया गया है।





### गौठान का निरीक्षण किया पालिकाध्यक्ष ने

**भाटापारा।** शहर सीमा अंतर्गत संचालित विभिन्न गठन निर्माण कार्य का निरीक्षण पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया इस दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुये निर्माण कार्य की गति को बढ़ाने तथा तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देने के सख्त निर्देश दिये यह निर्माण कार्य पशुपालन जैविक खाद उत्पादन और आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से किया जा रहा है जो आत्मनिर्भर के दिशा में एक सार्थक पहल है निरीक्षण के दौरान अश्वनी शर्मा के साथ पार्षद मनीष मिश्रा, सतीश तालरेजा, सतीश साहू, नंदकिशोर वैष्णव व कमलेश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे



# ग्राम गुडेलिया में पंचायती राज दिवस मनाया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पंचायती राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर हर साल मनाया जाता है। यह दिन पंचायती राज प्रणाली के महत्व और इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शासन और विकास को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। पंचायती राज प्रणाली को मजबूत करनारू ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्तिकरण और विकास के लिए पंचायती राज प्रणाली की भूमिका को उजागर करना। ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देना। स्थानीय स्वशासन को प्रोत्साहित करना स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने और विकास कार्यों को लागू करने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को प्रोत्साहित करना। इस दिन को मनाने के लिये विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे कि



कार्यालय - ग्राम पंचायत, गुडेलिया
ग्राम पंचायत - गुडेलिया, जनपद पंचायत - भाटापारा

पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों का सम्मान पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों और उपलब्धियों का सम्मान करना। ग्रामीण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करना। पंचायती राज प्रणाली पर चर्चा और सेमिनार पंचायती राज प्रणाली के महत्व और चुनौतियों पर चर्चा और सेमिनार आयोजित करना। जो कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और सुशासन को बढ़ावा देने के लिये एक महत्वपूर्ण अवसर है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया इस परिकल्पना को पूर्ण करती जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया अपने विकास और सुशासन को लेकर एक आदर्श ग्राम के रुप में स्थापित है इस गाँव के पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत इसके विकास आदर्श सुन्दरता एक अन्य ग्राम पंचायतों के लिये एक आदर्श प्रस्तुत करता है जहां पर ग्रामीणों को स्वयं का रोजगार साधन, शिक्षा के पर्याप्त साधन तालाबों का सौन्दर्यीकरण आकर्षित करने वाली उत्कृष्ट आदर्श पंचायत भवन, पर्याप्त खेल सुविधा व मैदान शासन के हर योजनाओं मे सहभागी बन उन्हें सफल बनाने हेतु सक्रियता और सबसे बडी बात इस ग्राम को नशा मुक्त ग्राम के उपाधि से भी सम्मानित किया गया है गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गुडेलिया आदिवासी बाहुल्य गाँव है जहाँ शासन इनके विकास व हित के लिये अनेक प्रकार के योजनाएं भी चलाती है एक अच्छे आदर्श ग्राम पंचायत के परिकल्पना को लेकर नेता व मुख्यमंत्री सहित राज्य स्तर अधिकारीगण अपर मुख्य सचिव, संभागायुक्त व कलेक्टर आदि लोगों द्वारा आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया को पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना मे सबसे बडे माडल के रुप मे सम्बोधित भी किया ग्राम पंचायत गुडेलिया के विकास कि प्रमुख पहचान आकर्षक सुसज्जित स्कूल, व्यवस्थित लाईब्रेरी, मरीन ड्राइव, शारीरिक कसरत हेतु जिम सुविधा, स्वच्छ वातावरण व मनोरंजन हेतु गार्डन, धार्मिक आस्था के प्रतीक मंदिरों का सौन्दर्यीकरण स्वास्थ्य सुविधा हेतु सुरक्षा हेतु सीसी टीवी, हमर क्लिनिक, सुन्दर अहाते व प्रवेश द्वार जो लोगों को आकर्षित करती है इन सब मामलों मे ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष योग्यता रखता व शासन के समस्त प्रशासनिक सक्रिय गतिविधियों मे सक्रिय रहते है जो कि पंचायती राज व्यवस्था के परिकल्पना को पूर्ण करता है जिसका मुख्य आधार ग्रावसियों सहित सक्रिय जुझारु समर्पणशील जनप्रतिनिधियों को भी जाता है जो कि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का गोद ग्राम व सरपंच संघ के अध्यक्ष सरपंच संकेत अग्रवाल का ग्राम है।

# नगर पालिका भाटापारा में 2082.25 लाख का बजट पारित

## अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में विशेष सभा की हुई बैठक



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विशेष सभा आमंत्रित कर बजट पर चर्चा हुई। साथ ही वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में प्रस्ताव पारित हुआ। नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया व जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने ध्यान आकर्षित किया। विशेष सभा में रखे गये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये। गौरतलब है कि तकरीबन दो महीने पहले हुए स्थानीय निकाय चुनाव के बाद नगर पालिका परिषद नई कार्यकारिणी आई है। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के रूप में भाजपा प्रत्याशी अश्वनी शर्मा समेत 24 पार्षद भाजपा से जीतकर आए हैं। अनेक कारणों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब तक बजट पारित नहीं हो गया था। ऐसे में नगर पालिका परिषद की ओर से विशेष सभा आयोजित की गई। इस दौरान नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की पहल और उनके सुझावों के आधार पर नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों तैयार कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण (बजट) प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। 2082.25 लाख के बजट प्रस्ताव में नगर की आवश्यकताओं और विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा गया है। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वन नेशन-वन इलेक्शन को दूरदर्शी विचार बताते हुए लोकतंत्र की सुदृढता की दिशा में एक सराहनीय पहल माना गया। बजट चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष शर्मा ने नगर पालिका की दुकानों के आबंटन और किराया निर्धारण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और संतुलित बनाने के सुझाव रखे, जिससे स्थानीय व्यापारियों को न्यायोचित लाभ मिल सके।

उन्होंने जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनाने के लिए आवश्यक पहलुओं पर सुझाव दिए। विशेष सभा की बैठक के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि हर निर्णय नागरिकों की सुविधा और विकास की दिशा में हो। खास बात यह रही कि विशेष सभा में रखे गए प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये। बैठक मे सीएमओ जफ र खान सहित पार्षदगण मौजूद थे।

# डीब्ल्यूपीएस स्कूल ने राष्ट्रीय चेम्पियनशिप में जगह बनाई

### अब अगला मुकाबला थाईलैंड में अंतर्राष्ट्रीय चेम्पियन के लिये होगा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** डीडब्ल्यूपीएस स्कूल खम्हरिया की टीम ने राष्ट्रीय रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में जीत हासिल कर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुये अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया है। उक्त प्रतियोगिता मे सेक नोमान, श्रीवांश आर्या, अथर्व दत्त पाठक, अनम बघेल, प्रांजल जांगडे, धरुन तिवारी, दिव्यांश पांडे, अक्षय मंधान, अमन शर्मा, पीयूष पटेल, कान्हा दवानी, पार्थ सिंह बैस, नमन धैंग, तन्मय साहू, नभ्य थारानी, अक्षत साहू और हर्ष साहू सम्मिलित थे। उक्त आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, असम, मेघालय, हैदराबाद और गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों की प्रतिभाशाली टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। किंतु अपने अद्वितीय कौशल, मजबूत इच्छा शक्ति और अनुशासन के बलबूते छत्तीसगढ राज्य की भाटापारा ब्लाक मे स्थित डीडब्ल्यूपीएस की टीम ने एक-एक मुकाबले में विजय दर्ज करते हुये यह चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही डीडब्ल्यूपीएस की टीम ने अंतर्राष्ट्रीय खेल मंच पर भी कदम रख दिया है। अब यह विजेता टीम भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए थाईलैंड में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय रिबाउंडर बॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। यह न केवल विद्यालय बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य और पूरे देश के लिए अत्यंत गौरव का अवसर है। टीम के कोच दिलीप यादव के कुशल मार्गदर्शन में इन खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास कर अपनी खेल प्रतिभा को इस मुकाम तक पहुँचाया। कोच यादव ने कहा उहमारे खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिखाया है कि कोई भी मंजि ल मुश्किल नहीं अब वे भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी देश का नाम रोशन करेंगे मुझे उन पर गर्व है इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक अश्विनी शर्मा, संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने टीम को हार्दिक बधाई देते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# समाधान शिविर में विधायक ने कहा - 'सरकार बदल गई अधिकारी नहीं बदले'

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम कन्हेरा में आयोजित समाधान शिविर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, गोविंद पटेल जिला पंचायत सभापति, श्रीदेवी परमेश्वर वर्मा जिला पंचायत सभापति, जितेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत साजा, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, बसंत साहू जनपद सदस्य, लोकु वर्मा अध्यक्ष सहकारी समिति कन्हेरा उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू के द्वारा समाधान शिविर में अधिकारियों को हिदायद दी गई। जनता को ग्रामीणों को घुमाना फिरा आना बंद करें। ग्राम पंचायत कन्हेरा लगभग 10 ग्राम पंचायत को शिविर में आमंत्रित किया गया था। लेकिन चार पंचायत के लोग पहुंचे थे। शिविर में 23 विभाग का स्टाल लगा हुआ था। विधायक ईश्वर साहू व जनप्रतिनिधि प्रत्येक स्टाल में पहुंचकर हाल-चाल जाना। समस्याओं से अवगत हुए। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने संबोधित किया। संबोधन में आपने कहा, विष्णु देव की सरकार ईश्वर साहू की सरकार है। यहां पर जनता की समस्याओं का निदान होगा। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा, हमारे विधायक को हल्के में मत लेना। उनकी सीधेपन का नाजायज फायदा नहीं उठाना। नहीं तो आप लोगों को गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। और कार्यक्रम के अव्यवस्था को भी लेकर नाराजगी व्यक्ति की गई। और जनता से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे शिविरों में जुड़ने के लिए अपील की गई। उसके पश्चात विधायक साजा ईश्वर साहू ने सीईओ टेकचंद अग्रवाल को फटकार लगाई। रविन्द्र चौबे की चापलूसी करने को मना किया। सरकार के हिसाब से चलने की हिदायत दी। कार्यकर्ताओं का काम करने की बात कही। 23 विभाग शिविर के हिसाब से उपस्थित कम रही। व लोगों में समस्याओं को लेकर उत्साह में कमी देखी गई।विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने कई गांव का दौरा किया। जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों ने पीने का पानी सिंचाई सड़क और नाली जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन विधायक को सौंपे। विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया। कुछ मामलों में अधिकारियों को जल्द समाधान का निर्देश दिया। विधायक ने कहा, जनता ने उन्हें विधानसभा भेजा है। तो उनकी समस्याओं का समाधान करना उनका संकल्प हैं।

आगे आपने कहा, बेझिझक अपनी बात रखे। लोग भी जाकर अपनी बात रखें समाधान करना उनका काम है ।आगे विधायक ने आयोजित किया जा रहे हैं। समाधान शिविर के प्रति अपने जिम्मेदारी का निर्वाह करें। व आम जनता की समस्याओं को लटकाये नहीं। तुरंत उसका समाधान करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसीलदार के आर वासनिक, संबंधित विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। बसंत साहू जनपद सदस्य, लोकूराम अध्यक्ष सहकारी समिति कन्हेरा, रामावतार सिंह राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुरूद, राजेंद्र गुप्ता पंच समुन्दवारा, युवराज साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सेगोना, गणपत दुबे, दौलत नाथ योगी, आदर्श जोशी, अश्वनी पटेल, नरोत्तम चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि रोहित पटेल, अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अंबिकापुर मेडिकल कालेज में MRI मशीन का विधि विधान के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने किया उदघाटन

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में MRI की सुविधा की शुरुआत की गई है दरअसल अंबिकापुर सहित सरगुजा संभाग के एकमात्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में MRI की सुविधा नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था ,लगातार जनप्रतिनिधि सहित स्थानीय लोगों ने MRI की सुविधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में देने की मांग की जा रही थी।इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज MRI मशीन का विधिवत उद्घाटन करते हुए एक मरीज की MRI भी सामने कराई , जिसके बाद सरगुजा सहित अंबिकापुर के लोगों में खुशी व्याप्त है क्योंकि इससे पहले MRI की सुविधा नहीं होने से मरीजो को MRI कराने के लिए बिलासपुर और रायपुर जाना पड़ता था, इधर प्रदेश सहित अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टरों की कमी को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मैं मीडिया के सामने स्वीकार करता हूं कि स्पेशलिस्ट डॉक्टरो की कमी है इस सिलसिले में पिछले दिनों मैं तमिलनाडु तक गया था उन्हें आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में आए और अच्छे पैकेज के साथ उन्हें रखा जाएगा साथ ही मीडिया के साथियों से भी कहना चाहता हूं कि आपको भी अगर स्पेशलिस्ट डॉक्टरो का पता चले तो मुझे बताएं 24 घंटे के अंदर उन्हें नियुक्ति दी जाएगी।



# प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया

**अंबिकापुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपने एक दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे और नवापारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया,इसके साथ ही जम्मू कश्मीर में हुई आतंकी हमले में प्रतिक्रिया देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने इस घटना को शर्मसार बताया है,



नवापारा स्थित यूसीएचसी पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने बीते सवा सालों में हुए उपलब्धि और कार्यों की जानकारी ली,जहां सारी व्यवस्थाओं को स्वास्थ्य मंत्री ने दुरुस्त पाया है, इस दौरान डॉक्टर और कुछ छोटी मांगों को देखते हुए जल्द दूर करने की बात भी स्वास्थ्य मंत्री ने की है, जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की निंदा कर इसे शर्मसार करने वाली घटना बताया है, साथ ही कहा कि देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के द्वारा इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है, और इस घटना का मुंह तोड़ जवाब देने की बात कही है।

# नव पदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल की प्रेसवार्ता

**सरगुजा।** सरगुजा जिले में नव पदस्थ एसपी राजेश अग्रवाल ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से चर्चा की, जहां शहर के कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की बात कही है, दरअसल 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी राजेश अग्रवाल को सरगुजा पुलिस कप्तान की कमान सौंप गई है, जहां पदभार ग्रहण करने के बाद सरगुजा के नव पदस्थ एसपी ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों से मुलाकात की, इसके साथ ही एसपी राजेश अग्रवाल ने बताया की थानों में आने वाले फरियादों को न्याय दिलाना पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही नशे के कारोबार में संयुक्त लोगों को सजा दिलाना और अपराधों पर अंकुश लगाने पर जोर देने की बात कही है, गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से अंबिकापुर शहर सहित सरगुजा जिले में अपराधिक घटनाएं बढ़ गई है जिसको लेकर अब एसपी के द्वारा कार्रवाई करते हुए अपराधों पर लगाम लगाया जाएगा।



# सशिसं विभाग स्तरीय प्रबंधकारिणी समिति की बैठक संपन्न

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया




**थानखम्हरिया।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत की योजनानुसार 3 मई को दुर्ग विभाग की विभाग स्तरीय समिति पदाधिकारी एवं प्राचार्य/ प्रधानाचार्य एक दिवसीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया में आयोजित हुयी। उद्घाटन सत्र में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना, प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, विभाग प्रभारी भानुप्रकाश सोनी, आयोजक विद्यालय समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्त सिंघानिया ने मां सरस्वती भारतमाता एवं ओंकार के तेल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यवस्थापक राकेश जोशी तथा प्राचार्य लखनलाल साहू ने तिलक वंदन कर अतिथियों का स्वागत किया। दुर्ग विभाग के 19 विद्यालयों से 48 समिति के पदाधिकारी, 26 प्राचार्य /प्रधानाचार्य बंधु भगिनी एवं 10 प्रांत एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे इस एक दिवसीय बैठक में तीन सत्रों में विद्यालय गुणवत्ता एवं विकास की दृष्टि से शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम, तकनीकी शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, प्रभावी शिशु वाटिका, आचार्य कल्याणकारी योजनायें, संस्कार, अन्य विद्यालयों से प्रतिस्पर्धा एवं संघ की शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। सशिमं के साथ समाज के जुड़ाव पर जोर दिया गया।

12 आधारभूत विधाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। बैठक के अंत में प्रांत प्रचारक अभयराम कुंभकार के पिताश्री के देवलोक गमन पर 2 मिनट की श्रद्धांजलि अर्पित कर शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया। बैठक में विभाग प्रमुख राघवेंद्र नाथ मिश्रा, जिला प्रतिनिधि सुरेश सिंघानिया बेमेतरा जिला, डॉ. नीलेश शर्मा जिला प्रतिनिधि दुर्ग जिला, विभाग समन्वयक दीपक सोनी, हरीश लूनिया, दीपक यादव एवं हरिश्चंद्र साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में आए सभी पदाधिकारियों एवं प्राचार्यों प्रधानाचार्यों को सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया की समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

# सरगुजा की बेटी ने बढाया मान चंडीगढ़ में आयोजित मिस्टर मिस ऐशिया में प्रथम स्थान पाकर सरगुजा का नाम रोशन किया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**अंबिकापुर।** 28 अप्रैल 2025 को अंबिकापुर के श्री दीपक डबराल और श्रीमती ऐश्वर्या डबराल की बेटी अक्षिता डबराल जो की होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा है ने चंडीगढ़ में आयोजित मिस्टर एंड मिस एशिया स्टार 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर मिस एशिया स्टार का खिताब जीत कर छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर का मान बढ़ाया है।

प्रतियोगिता चंडीगढ़ विश्वविद्यालय झंझरी में दिनांक 27 और 28 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी। यह प्रतियोगिता NFMG PRODUCTION द्वारा आयोजित गई थी । फाइनल प्रतियोगिता के पूर्व वर्ष 2024 में देश के 9 जोन से कुल 80 महिला प्रतिभागी एवं 50 पुरुष प्रतिभागियों का चयन किया गया था । इस प्रतियोगिता में सभी महिला प्रतिभागियों से प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय एवं पुरुष प्रतिभागियों में से प्रथम द्वितीय तथा तृतीय का चयन किया गया। अक्षिता डबराल को शुरू से रचनात्मक कार्यों , पेंटिंग, डांस, पब्लिक स्पीकिंग , भाषण और मॉडलिंग में रुचि रही है । अनेकों पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त अक्षिता को वर्ष 2023 में मिस ओडिशा से सम्मानित किया गया था, पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति रुचि रखने वाली अक्षिता का शैक्षणिक रिकॉर्ड उच्च स्तरीय रहा है । मेधावी छात्रा को परिवार , स्कूल प्राचार्या , शिक्षकों एवं दोस्तों से सदैव सहयोग और बढ़ावा मिला है ,उसने बताया कि, उसे अपने सफल होने के लिए पूर्ण आत्मविश्वास था।

# प्रेमी के साथ मिलकर कुल्हाडी से हत्या

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

सरगुजा। सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने होने वाले पति की कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या कर दी और शव को जमीन में दफन कर दिया।







पकड़े जाने के डर से इस प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या की कोशिश की, जिसके बाद इस जघन्य अपराध का खुलासा हुआ।

दअरसल आरोपी गगन टोप्पो और उसकी प्रेमिका पुष्पा केरकेट्टा की प्रेम कहानी ने एक निर्दोष की जान ले ली। हत्या के बाद इस अपराध को छिपाने के लिए शव को जमीन में दफन कर दिया गया। मृतक अमृत लकड़ा सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम जजगा का निवासी था, जो 26 अप्रैल से लापता था। परिजनों ने 28 अप्रैल को सीतापुर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। हैरानी की बात ये है कि जिस युवती से 6 मई को अमृत की शादी होने वाली थी, उसी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक महीने पहले हत्या की साजिश रच डाली। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से प्रेमी जोड़े ने आत्महत्या की योजना बनाई। इसके लिए उन्होंने बतौली की एक दुकान से रस्सी भी खरीदी। लेकिन आत्महत्या की कोशिश के दौरान ग्राम के सचिव की नजर उन पर पड़ गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ में प्रेमी जोड़े ने अमृत की हत्या का खुलासा किया।

*पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घोघरा के जंगल से अमृत का शव बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। वहीं परिजनों का आरोप है कि इस वारदात में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इस घटना ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है। जहां शादी का जश्न मनाने की तैयारी थी। वहां अब मातम पसरा है। लोग इस प्रेमी जोड़े की कड़ी निंदा कर रहे हैं और सवाल उठा रहे हैं कि क्या प्यार के लिए कोई निर्दोष की हत्या तक कर सकता है।*

थानखमरिया में बिन मौसम कुदरत का कहर

# तेज हवाएं, बारिश और ओलावृष्टि से नगर हुआ जलमग्न, मकान ढहे, जनजीवन ठप

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** नगर में गुरुवार की दोपहर एक बार फिर प्रकृति ने रौद्र रूप धारण कर लिया। आसमान में अचानक छाए काले बादलों के साथ तेज हवाएं, मूसलधार बारिश और ओलावृष्टि ने दोपहर बाद करीब दो घंटे तक नगर को अपनी चपेट में ले लिया। यह अप्रत्याशित मौसमीय प्रकोप इतना भयावह रहा कि पूरा नगर मानो थम सा गया।







### तीव्र आंधी और बारिश से नगर की रफ्तार रुकी

दोपहर 3 बजे के बाद जैसे ही तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई, पूरे नगर में अफरा-तफरी मच गई। आंधी की गति इतनी तीव्र थी कि कई जगहों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए। देखते ही देखते सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गई। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर क्षेत्र सहित अन्य वार्डों में जलभराव ने घरों को तालाब में तब्दील कर दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे घरेलू सामग्री बर्बाद हो गई।

### पेट्रोल पंप और मकान हुए क्षतिग्रस्त, बिजली सप्लाई ठप

प्राकृतिक आपदा का प्रभाव केवल पानी तक ही सीमित नहीं रहा। तेज हवाओं की वजह से पेट्रोल पंपों के टीन शेड उड़ गए। कई कच्चे मकान ढह गए और खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। नगर के विभिन्न हिस्सों में बिजली के खंभे टूट गए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। समाचार लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

### प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ी जनता की पीड़ा

सबसे चिंता की बात यह रही कि इस विकट स्थिति में नगर पंचायत प्रशासन की भूमिका बेहद कमजोर दिखाई दी। नगर पंचायत के सीएमओ की अनुपस्थिति के कारण न तो राहत कार्य शुरू हो सके और न ही सफाई व्यवस्था में कोई सुधार हुआ। वार्ड पार्षद भी मौके से नदारद नजर आए, जिससे जनता में गहरा रोष व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से अपील की है कि तत्काल सर्वे कर प्रभावितों को आर्थिक सहायता, राशन सामग्री और अस्थायी आवास की सुविधा मुहैया कराई जाए। नगर में स्थिति सामान्य करने के लिए विशेष टीम गठित कर सफाई और जल निकासी के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

### प्राकृतिक आपदा से सबक लेने की जरूरत

*यह घटना न केवल एक प्राकृतिक आपदा है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि नगर की व्यवस्थाएं आपातकालीन स्थितियों से निपटने में कितनी असहाय हैं। आवश्यकता है कि भविष्य में इस प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए नगर में एक आपदा प्रबंधन तंत्र को विकसित किया जाए, जिससे जनता को इस तरह की परेशानी से दो-चार न होना पड़े*

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये निर्दोषों को दी गई श्रद्धांजलि

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में जय स्तम्भ चैक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया गया। इस शोक सभा में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव सहित कांग्रेस जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने हमले की कड़ी निंदा करते हुये कहा कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले ऐसे कृत्य कभी सफल नहीं होंगे। हम सभी देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा। पहलगाम में 26 हिंदु नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुये श्री साव ने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में सैलानियों की शारीरिक शिनाख्त करते हुये तथा उन्हें कलमा पढवा कर गोली मारी गई उससे लगता है कि हिंदुस्तान में हिंदू होना अपराध हो गया है। आतंकवादियों द्वारा हमारे नागरिकों, सेनानियों पर निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेष पूर्ण हो गई है।



इसका जवाब इतना कठोर और निर्णायक होना चाहिए कि कोई भी आतंकी संगठन देश,भारत की ओर आंख उठाकर भी देखने का साहस न कर सके। इस शोक सभा में सभी ने एक स्वर में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, आलोक मिशा, अरुण यादव, बसंत भृगु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, सुरेंद्र यदु, मुकेश हेंवार, प्रमिला साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी, महेंद्र साहू, संतोष सोनी, सत्यजीत शेंडे, संतोष अग्रवाल, नवीन बक्श, सचिन शर्मा, शेषनारायण यदु, हेमिन ध्रुव, सीमा रात्रे, ईश्वर सेन, निर्मला कोशले, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, दशमत बाई, कृष्णा टण्डन व कुमारी जांगड़े सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# प्रह्लाद रजक ने ग्रहण किया राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का पद

रायपुर में हुआ भव्य आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रह्लाद रजक ने 3 मई को राजधानी रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पद का विधिवत् रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय स्वयं उपस्थित रहे और श्री रजक को शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक एवं शुभचिंतक शामिल हुए। कार्यक्रम में चारों ओर उत्साह और हर्ष का माहौल रहा। प्रह्लाद रजक की यह नियुक्ति न केवल बेमेतरा जिले के लिए गौरव का विषय है, बल्कि रजक समाज के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। ज्ञात हो कि श्री रजक जमीनी स्तर के कर्मठ नेता रहे हैं, जिन्होंने ऋस्स और भाजपा संगठन से लंबे समय तक जुड़कर कार्य किया है। पिछली सरकार में उन्हें पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य भी नियुक्त किया गया था। इस बार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में उन्हें राज्य रजककार विकास कल्याण बोर्ड जैसी बड़ी



जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति से उनके समर्थकों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ पड़ी है। सांसद विजय बघेल, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व एल्डरमैन लक्ष्मीनारायण चांडक, भाजपा नेता अनिल सिंघानिया, विनोद शर्मा, जनपद अध्यक्ष जितेंद्र साहू, गिरधारी निर्मलकर प्रदीप निर्मल, राजेंद्र निर्मल, तोप सिह,पवन, दिलहरन, सुशील, जयराम, ईश्वर,सहित विभिन्न समाजसेवियों, संगठनों और नेताओं ने श्री रजक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# विधायक ईश्वर साहू ने किया 82.65 लाख की सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखमरिया।** समीपस्थ ग्राम पंचायत दर्री-गुवारा में मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य हेतु 82 लाख 65 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन विधायक ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ। पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक अंदाज़ में अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, जनपद अध्यक्ष साजा जितेन्द्र साहू, राजेश ठाकुर मंचासीन रहे। ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

निर्माण कार्य के तहत लगभग 1000 मीटर सड़क निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर नाली निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता सर्वोपरि होगी, ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा, हमने जो वादे चुनाव पूर्व किए थे, उन्हें निभाया है—चाहे वह 3100 रुपए में धान खरीदी हो, महतारी वंदन योजना हो या आवास योजना। हमारी सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है और आपकी सेवा में तत्पर है। साजा विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाना हमारा संकल्प है।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती सावित्री पुन्नी यादव, तोरण यादव, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, गिरधारी निर्मलकर, तोषू सिंह वर्मा, जनपद सदस्य रवि निषाद, मिथुन पटेल, हेमंत साहू, राजेन्द्र वर्मा, बल्लू नोहर पाल, आदर्श जोशी, चंद्रशेखर राजपूत, टेकन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धर्म नगरी थानखम्हरिया में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** सावन मास के पावन अवसर पर धर्म नगरी थानखम्हरिया में समस्त नगरवासियों के आयोजन में धार्मिक आस्था से ओतप्रोत श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 जुलाई से 22 जुलाई तक राधाकृष्ण जमात मंदिर में सम्पन्न होगा। इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में कथा वाचन करेंगी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री विद्या दुबे जी (बाजार चारभाठा), वे चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री राम स्वरूप आचार्य जी के कृपा पात्र शिष्या हैं। उनके सान्निध्य में भागवत कथा का रसपान भक्तों को प्राप्त होगा।सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में श्रद्धालुजन धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतवर्षा का लाभ उठाएंगे। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, धर्म की महत्ता और सदाचरण का संदेश फैलाना है।

# विधायक ईश्वर साहू ने शोकाकुल परिवार से की भेंट, संवेदना व्यक्त की

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखमरिया।** साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने हाल ही में दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता दीपक बंसल के पिता लीलाधर अग्रवाल के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा, दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस असीम पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. लीलाधर अग्रवाल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात विधायक साहू ने डॉ. सुशील बांगली के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. बांगली का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस शोक अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, दीपक बंसल, हरि अग्रवाल, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, शरद बांगली, आशीष बंसल ,दिनेश बंसल, मोटू बंसल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बरगा में अक्षय तृतीया पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** ग्राम बरगा में अक्षय तृतीया पर्व इस वर्ष भी पारंपरिक उत्साह एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रात:काल से ही ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं पुरुषजन गांव के विभिन्न देवालयों जैसे शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि मंदिर, कृष्ण मंदिर, संतोषी माता मंदिर तथा ठाकुर देव स्थलों में पूजा-अर्चना हेतु उपस्थित हुए। साथ ही पीपल, बरगद एवं आम जैसे पूजनीय वृक्षों को अन्न-जल अर्पित कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की गई। लोक परंपरा का निर्वहन — पुतरी-पुतरा विवाह अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्राम बरगा की समृद्ध लोक परंपरा के अनुरूप पुतरी-पुतरा विवाह का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन से एक दिन पूर्व गाजे-बाजे के साथ चुलमाटी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें पूरे गांव की सहभागिता ने ग्रामीण एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

मुख्य आयोजन दिवस पर पारंपरिक रस्में — हल्दी, मेंहदी, देवतेला, माड़पछादन, बारात एवं विशेष रूप से टीकावन विधि — पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुईं।

इस आयोजन को सफल बनाने में सावित्री निर्मलकर, कामिनी साहू, लता साहू, एकता, भूमिका, अजय, अरुण, भारती, भीखम, कान्हा और काव्या का सराहनीय योगदान रहा।गांववासियों का यह पारंपरिक आयोजन न केवल सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा, बल्कि नई पीढ़ी के लिए लोकसंस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा भी बना।

# दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का शुभारंभ, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री ने भगवा झंडा दिखाकर रथ को किया रवाना

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के निर्देशानुसार पंजीकृत गौशालाओं के माध्यम से 20 अप्रैल से 20 मई 2025 तक गाँव-गाँव में गौमाता के संरक्षण-संवर्धन एवं गौ उत्पादों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सभी जिलों में गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार दोपहर 12ः00 बजे को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और हैप्पी कामधेनु गौशाला के संयुक्त तत्वाधान में दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से बस्तर जिले में इस यात्रा का शुभारंभ किया गया। गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने गाँव गांव में गाय की उपयोगिता, गौ मूत्र तथा गोबर से तैयार किए जाने वाले कीट नियंत्रक एवं विभिन्न उपयोगी उत्पादों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गौ ग्राम जनजागरण यात्रा आयोजन का मुख्य उद्देश्य गाय के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि खुले में अवारा घूम रहे पशुओं को पशु पालकों से गायों को सड़कों पर अवारा न छोड़ने की अपील भी इस यात्रा में की जाएगी। इसके अलावा गौ तस्करी रोकने के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा।



वही हैप्पी फ्रेंड्स वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से हैप्पी कामधेनु गौशाला का संचालन कर रहे समिति के अध्यक्ष दीपक पनपालिया ने बताया कि राज्य शासन के गांव ग्राम जन जागरण यात्रा के तहत जिले में आज इस जन जागरण यात्रा का शुभारंभ किया गया है,जिसका उद्देश्य गाय और उसके द्वारा हमें मिलने वाले लाभ के विषय में गांव-गांव में जन जागरण करना है। उन्होंने कहा कि गए किसी गौशाला में नहीं अपितु किसान के घर में ही खुश रहेगी इस यात्रा के तहत उनका उद्देश्य गायों को दोबारा किसानों के घरों तक पहुंचाना और गायों द्वारा प्राप्त उत्पादों से विभिन्न औषधीयों का निर्माण और उसके लाभ के विषय में जानकारी देना है। बजरंग दल के जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने बताया कि गौ ग्राम जन जागरण यात्रा दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर हाटगुड़ा,कलचा,माड़पाल और नगरनार से होती हुई आड़ावाल पहुंचेगी जहां यात्रा का रात्रि विश्राम होगा। आगामी 20 मई तक जन जागरण यात्रा बस्तर जिले का पूर्ण भ्रमण करेगी।

## एसपी रामकृष्ण साहू ने किया थाने का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

पत्रकार अनिल सिंघानिया से खास मुलाकात

**थान खमरिया।** पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की, पुलिस गस्त की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए, और आमजन से समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देश जारी किया। निरीक्षण के दौरान एसपी पुलिस के समक्ष उत्पन्न हुए समस्याओं से भी अवगत हुए ,थाना परिसर का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ सफाई का भी आलोकन किया। एसपी ने थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गशत तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया, निरीक्षण के बाद एसपी ने गांजा, जुआ, शराब ,माफियाओं पर नकेल कसने का आदेश दिया। एसपी ने करीब 2 घंटे तक थाने में विभिन्न पंजीयों की जांच की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने बताया नया कानून की समीक्षा, लंबित प्रकरण, कुर्की जाती वारंट समीक्षा, विधि व्यवस्था के अनुसंधान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया!



## सशक्त भारत का निर्माण करने युवा पीढ़ी आगे आए

**रायपुर/** छत्तीसगढ़ी समाज के बुद्धिजीवी संघ ने सिद्धार्थ चौक स्थित सभागार में युवा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का विषय "CG YUVA 2.0ः सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण था। मुख्य वक्ता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उदयभान सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ को बने 25 वर्ष हो चुके हैं। राज्य निर्माण के साथ हमें युवाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत का निर्माण करना है। आचार्य अनिमेषानंद अवधूत (प्रकाशन विभाग, एमपीएस) ने अपने संबोधन में युवाओं से आध्यात्मिक और सामाजिक कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ी समाज के रेक्टर आचार्य रितेश्वरानंद अवधूत ने स्थानीय भाषा,



योजना, उद्योग, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में स्थानीय लोगों को सशक्त करने पर जोर दिया।

संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ी समाज के चेयरमैन डॉ. सत्यजीत साहू और महासचिव सुबोध देव ने भी अपने विचार साझा किए। आभार प्रदर्शन बुद्धिजीवी संघ के विकास कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि वरिष्ठ इंजीनियर जी.पी. चंद्राकर और के.पी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रायपुर भुक्ति प्रधान यदुनाथ, संदीप चौहान, आकाश चंद्रवंशी, डॉ. दीपाली, डॉ. दोलामनी, जितेंद्र बघेल, गुलशन मानसरोवर, कांति साहू, रिया चटर्जी, सत्य प्रकाश चंद्राकर, आदर्श दीक्षित सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया।

## बिगड़ती पर्यावरण व्यवस्था पर चिराग सोशल वेलफेयर ने चलाया जागरूकता अभियान

**भाटापारा।** चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा स्थानीय महासती वार्ड मे विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर दसोदी सिंग, दसोदा साहू, बिंदेश्वरी टंडन, अनिता लहरे, प्रियंका मेश्राम सहित उपस्थित अन्य लोगो ने लगातार पर्यावरण के बिगड़ते माहौल पर प्रकाश डालते हुये अंधा धुंध रासायनिक उर्वरको कीट नाशको का प्रयोग वायु मंडलीय गैसो के अनुपात मे परिवर्तन, औद्योगिक विस्तार, शहरीकरण, भूस्खलन, खनिज उत्खनन, प्लास्टिक के बढते प्रयोग, पेड पौधो की कटाई को कारण बताते हुये कहा कि इसी के चलते पर्यावरण का संतुलन बिगड गया है। व हम पर्यावरण प्रदूषण के शिकार होकर विभिन्न संकटो से जूझ रहे है इसलिये सभी से मिलकर पर्यावरण को संरक्षित सुरक्षित करने की दिशा मे कार्य करने का आव्हान लिया गया।




### केवरा के नर्सरी में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक का शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**सरगुजा।** लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केवरा नर्सरी में 3 मई दिन शनिवार की दोपहर फांसी के फंदे पर झूलते हुये युवक की लाश मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं परिजनों के द्वारा हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक अमन महिलाग् पिता नैंन साय उम्र 20 वर्ष ग्राम बधियाचूआ महामाया पहाड़



अंबिकापुर निवासी गुरुवार को अपने ससुराल अमदला में गुरुवार को आया हुआ था। मृतक युवक की पत्नी द्वारा शनिवार को पति के कही चले जाने की सूचना मिली। जिसके बाद परिजन भी ग्राम अमदला पहुंचे और युवक की तलाश शुरू की गई। युवक की खोजबीन के दौरान केवरा नर्सरी के सागौन पेड़ में फांसी के फंदे पर झूलते हुए युवक का शव देखा गया और कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल देखा गया। परिजनों ने लखनपुर पुलिस थाने पहुंच शनिवार के दोपहर लगभग 2 बजे घटना के संबंध में सूचना दी। लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और फांसी के फंदे से शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मर्च्युरी में रखवाया गया है। घटना के बाद से परिवारजनों में शोक का माहौल बना हुआ है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए एक-एक पहलुओं पर जांच की मांग की जा रही है। लखनपुर थाना प्रभारी ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी है।

# दुर्घटना का इंतजार करता पुलिस प्रशासन

## चांवल से भरी ट्रक सघन आबादी से होकर गुजरती है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** चांवल से भरी ट्रक का रास्ता जो प्रशासन ने तय किया है उससे सिद्ध बाबा सहित माता देवालय व दीन दयाल वार्ड जैसे सघन आबादी वाले रहवासियो के लिये जान संसत मे बनी हुई है। प्रशासन ने वेयर हाउस से सिद्ध बाबा स्थित माल धक्का के लिये चांवल लोडिंग अनलोडिंग के लिये जो रास्ता तय किया है उस रास्ते का दीन दयाल वार्ड, सिद्ध बाबा व सेंन्ट मेरी स्कूल के आस पास के निवासी विरोध कर रहे है लेकिन पुलिस व प्रशासन की कान मे आवाज नहीं पहुंच पा रहीं है जिसको लेकर नागरिको ने समस्या निदान की मांग रखी है।

वेयर हाउस से चांवल से भरी ट्रक को रेक मे लोडिंग करने भेजा जाता है जिस रास्ते का प्रशासन ने आवागमन के लिये तय किया है वह रास्ता बस स्टैड ओव्हरब्रिज व सेन्ट मेरी स्कूल, दीन दयाल वार्ड होते हुये सिद्ध बाबा रेल्वे क्रासिंग पार करके माल धक्का के लिये ट्रक जाती है ट्रको के निरंतर आवाजाही के चलते कई दुर्घटनाये भी घटित हो चुकी है डेढ वर्ष पूर्व सिद्ध बाबा के एक ग्रामीण इतवारी राम देवांगन का ऐसे ही किसी ट्रक से दुर्घटना होने के कारण मौत हो गई सिद्ध बाबा व दीन दयाल वार्ड के कई निवासी को आये दिन चोटिल होना पड़ता है इसको लेकर कई पत्र जिलाधीश व पुलिस अधीक्षक को बीते एक वर्षो मे दिया जा चुका है किन्तु इस पर आज तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका जिस केनाल रोड को चांवल भरे ट्रक के लिये इस्तेमाल किया जा रहा है वह सघन आबादी से होकर गुजरती है सिद्ध बाबा की पूर्व सरपंच प्रेम चैबे ने बताया कि हमने कई बार मांग पत्र भेज चुके है कि इस सघन आबादी के बजाय ट्रको को लिंक रोड होते हुये पेन्ड्री बाईपास से माल धक्का भेजा जाये किन्तु प्रशासन ने आज तक हमारी नहीं सुनी जिसको लेकर के हम लोग काफ ी परेशान है। पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक यह मांग करते है कि इस संबंध मे तत्काल ही निराकरण किया जाये वहीं नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बताया कि हमने एक मांग पत्र जिला प्रशासन को भेजा हुआ है कि चांवल लदी ट्रक को केनाल रोड पर भेजने के बजाय बस स्टैड से बिजली कार्यालय होते हुये पेन्ड्री मोड बाईपास होते हुये माल धक्का ट्रक को भेजना उचित होगा। वहीं दीन दयाल वार्ड की पार्षद लैनी योगेश अनंत ने जिलाधीश को एक पत्र भेजकर सेन्ट मेरी सड़क से सिद्ध बाबा रास्ते पर चांवल भरी ट्रक न भेजा जाये इससे आये दिन दुर्घटना की आशंका नागरिको को बनी रहती है वहीं एक जानकारी के अनुसार उक्त केनाल रोड को वर्ष 2017 मे तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने एक पत्र के माध्यम से उक्त केनाल रोड को सघन आबादी होने के कारण एवं ज्यादातर बंद रहने वाले सिद्ध बाबा फ ाटक के कारण वनवे घोषित किया हुआ है जिसके आधार पर सिद्ध बाबा से भाटापारा की ओर आने वाली वाहनो को आने की अनुमति दी गई है भाटापारा से उक्त रास्ते पे जाने की अनुमति नहीं है इस बात की पुष्टि पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा ने एक सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के तहत 21-10-2024 को एक पत्र के माध्यम से इसकी पुष्टि भी की है जब उक्त रास्ता को वनवे घोषित किया गया है और यातायात पुलिस द्वारा उक्त सड़क पर जाने से वाहनो के चालान किये जा रहे है तो चांवल से भरी ट्रक को उक्त केनाल रास्ते पर क्यो भेजा जा रहा है क्या पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन किसी बडे दुर्घटना के इंतजार मे है इसको लेकर नाराज ग्रामीणो ने चांवल से भरी वाहनो को पेन्ड्री बाईपास होते हुये भेजने की मांग की है अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# सड़क पर अवैध पार्किंग से भाटापारा में दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे इन दिनो चारो तरफ की बाहरी सड़को के अलावा नगर के प्रमुख सड़को मे अवैध रूप से किये जा रहे वाहनो की पार्किंग से लोग हलाकान है शहर थाना से लेकर गोविंद चैक सदर बाजार, पंचायती मंदिर, जैन मंदिर, महासती मंदिर होकर बस स्टैड तक की अति व्यस्त सड़क पर पिछले कुछ समय से छोटे बडे भारी वाहनो का पार्किंग सड़क पर हीं किया जा रहा है जिसके कारण आवाजाही मे लोगो को दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है इसी प्रकार के हालात बस स्टैड से कृषि उपज मंडी होकर सिविल हास्पिटल तक जाने वाली सड़क पर भी है यहां सैकड़ो की संख्या मे छोटे बडे वाहन सड़क को घेरकर 24 घंटे खडे रखे जाने से आवाजाही मे लोगो को मुश्किलो से जूझना पड़ रहा है ओव्हरब्रिज से लेकर तहसील चैक तथा ओव्हर ब्रिज से लेकर सेंन्ट्रल वेयर हाउस होते हुये तरेगा नाका तक जाने वाली लिंक रोड मे भी सड़क के दोनो छोर पर सैकडो की तादाद मे ट्रक व अन्य वाहनो का पार्किंग किये जाने से आवाजाही मे लोगो को दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। इसी प्रकार के माहौल हटरी बाजार मे भी देखने को मिल रहा है जहां सब्जी से लदी हुई गाडियो के अलावा फ ल फ्रू ट लेकर आवाजाही करने वाले छोटे बडे सैकडो वाहन लोगो को परेशान किये हुये है सड़क पर सभी वाहनो के 24 घंटे निर्बाध गति से शहर के भीतर प्रवेश किये जाने से संपूर्ण व्यवस्था का जनाजा निकल गया है। लोगो को बात बात मे जाम मे फ ंसकर वाहन चालको से बहस करना पड़ रहा है आखिर व्यवस्था सुधारने मे प्रशासन विफ ल क्यो हो रहा है यह सोंचनीय विषय है वहीं शहर मे सबसे बडी समस्या सड़क पर खडी हो रहीं यात्री बस है जिसके कारण चारो दिशाओ मे सड़क पर यातायात बाधित हो रहा है संकीर्णसड़क पर कालेज मार्ग मे बिलासपुर, पथरिया, सरगांव, बेमेतरा, नवागढ, नारायणपुर, बैतलपुर व मारो सहित अनेक स्थानो के लिये जाने वाली बसों के सड़क पर खडे हो जाने से लोगो को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार की स्थिति सुलभ शौचालय के सामने भी बनी हुई है जहां नांदघाट मुंगेली, मल्दा, मउ, बालसमुंद, संबलपुर व बेमेतरा सहित अन्य स्थानो के लिये जाने वाली बसों का जमावड़ा सड़क पर होने से यातायात निरंतर बाधित हो रहा है। वहीं अपनी जान जोखिम मे डालकर बस मार्ग के यात्री सड़क पर हीं बस से उतर व चढ रहे है जिससे परेशानी का सबब लगातार बढ रहा है इसी तरह भाटापारा से बलौदाबाजार, करहीबाजार, मोपका, धनेली, निपनिया सहित अनेक गांव की ओर जाने वाली बसो का जमावड़ा भी बीच सड़क मे होने से संपूर्ण व्यवस्था को जोखिमपूर्ण व दुर्घटना को आमंत्रित करने वाला माहौल बना रहा है। जिस पर कठोर प्रशासनिक कार्यवाही के साथ साथ समस्या का निदान निकालने की दिशा मे प्रयास किये जाने की जरूरत है।

# इलेक्ट्रीक एवं इलेक्ट्रानिक संघ ने पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक संघ के सदस्यो ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकी हमले मे मारे गये निर्दोष नागरिको को जय स्तंभ चैक पर श्रद्धांजलि देते हुये एक सभा का आयोजन किया गया सभा मे नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी शामिल हुये। जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे आतंकी हमला मे मृत नागरिको को श्रद्धांजलि देते हुये नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि आतंकवादियो द्वारा की गई जघन्य हत्या विद्वेशपूर्ण की गई कृत्य है हिन्दुओ को शिनाख्त कर उन्हे गोली मारी गई जो निजता की पराकाष्ठा है आज भारत की प्रगति और आपसी सौहाद्र को आतंकी बदार्शत नहीं कर पा रहे है यह भारत के प्रत्येक नागरिक की धैर्य की परीक्षा है साथ हीं देश की संप्रभुता पर हमला है उन्होने भारत सरकार से मांग की की इस पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये इस संबंध मे अध्यक्ष सुनील दुबे ने बताया कि सभी संघ के सदस्यो द्वारा पीडित परिवारो के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि देश मे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सदस्यो ने एक कैडल मार्च निकालते हुये शहर भ्रमण कर जय स्तंभ चैक तक मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत माता के जयकारे लगाये। सभा मे प्रमुख रूप से अध्यक्ष सुनील दुबे, सुनील मल, पवन अग्रवाल, स्वरूप अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विश्वनाथ गुप्ता, संतोष शर्मा, भूपेशधर दीवान, राजेश साहू, प्रकाश सोनी, गौकरण साहू, शंकर छाबड़ा, गजेन्द्र साहू, नरेन्द्र भेजवानी, वरूण वर्मा, मनोज अग्रवाल, मनीष शुक्ला, नीरज लाहोटी, संजू वालेचा व रामचंद्र सचदेव आदि लोग मौजूद थे।

# भीषण गर्मी से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट में इजाफा

## भाटापारा क्षेत्र मे भू-जल स्तर 440 वर्ग फीट से और नीचे गिरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** भीषण गर्मी के बीच नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे जल संकट बढ गया है एक ओर जहां शहर मे सन 1935 से निर्मित टोहडी घाट इंटेकवेल के जरिये शिवनाथ नदी से जल प्रदाय किया जा रहा है लेकिन इस गर्मी मे शिवनाथ का जल स्तर भी अब जवाब देने लगा है खासकर टोहडी घाट के आगे व सेमरिया घाट के बाद शिवनाथ नदी की जल प्रवाह धारा टूट गई है व जगह जगह अब नदी मे पानी के स्थान पर चटटान व रेत ही नजर आ रहे है वहीं अनेक स्थानो पर तो जलकुंम्भी व काई तथा गंदगी के ही नजारे देखने को मिल रहे है शिवनाथ नदी मे जल प्रवाह कम हो जाने से एक ओर जहां लोगो को नल के माध्यम से पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा है वहीं दूसरी ओर नदी के किनारे गांव भी अब पानी के लिये मोहताज हो रहे है पहले सेमरिया घाट मे पुल के इस पार पर्याप्त जल प्रवाह शिवनाथ नदी मे रहता था जिससे छोटे छोटे नाव चलाने वाले भी अपनी जीविका नाव चलाकर चला रहे थे लेकिन नदी मे जल प्रवाह नही के बतौर होने के बाद से स्थिति यह हो गई है कि दर्जनो नाव किनारे मे धूल व धूप खाते हुये पडे हुये है वहीं नाविक भी खाली होकर अब हाथ मे जाल पकड़कर ऐसी जगह की तलाश मे घूम रहे है जहां थोड़ा बहुत पानी हो और वे वहां पर मछली जाल मे फ ंसाकर अपनी आजीविका चला सके। सेमरिया घाट पुल के पास जिंदा व मरे हुये मछलियो का विक्रय करने वाले अब इक्का दुक्का ही नजर आते है क्योकि बिना जल के मछली भी शिवनाथ से गायब हो गई है वहीं मछुआरे भी अब बेरोजगार होकर रह गये है। शिवनाथ नदी मे मदकू द्वीप के पास तथा ग्राम ताला के देवरानी जेठानी मंदिर के निकट पूरी तरह सूख चूकी है जबकि पिछले वर्षो मे शिवनाथ नदी मे अप्रेल माह तक पर्याप्त जल प्रवाह बना रहता था इस वर्ष भीषण गर्मी मे मार्च मे ही शिवनाथ नदी की धारा टूटने से भयावह जल संकट की आशंका से लोग भयभीत है क्योकि शिवनाथ नदी मे पूर्व की तुलना मे जल प्रवाह लगातार कम हो रहा है इसके पीछे मुख्य कारण इसके बहाव क्षेत्र के विभिन्न हिस्सो मे औद्योगिक घरानो को मनमाने नदी से जल खींचने की अनुमति देना तथा बिना अनुमति के हीं नदी जल का मनमाने दोहन से शिवनाथ नदी सिसकियां भरने लगी है उपर से नदी किनारे दर्जनो की तादाद मे अवैध रूप से संचालित हो रहें इंट भटठे एवं अन्य उद्योग नदी के अस्तित्व को ग्रहण लगा रहे है साथ हीं नदी मे मनमाने रूप से अवैध ढंग से रेत उत्खनन किये जाने के कारण नदी की शक्ल सूरत भी अब बिगड़ने लगी है भाटापारा शहर के लिये जीवन दायनी माने जाने वाली शिवनाथ नदी मे जल प्रवाह कमजोर हो जाने के कारण समुचे शहर मे पर्याप्त पेयजल लोगो को नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण अब शहर मे फि र से टेंकर के जरिये विभिन्न संकट ग्रस्त वार्डो मे टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति का क्रम चालू किया गया है। पालिका सूत्रो का कहना है कि वर्तमान जल संकट को देखते हुये 24 घंटे टेंकर दौड़ाया जा रहा है व वर्तमान मे रोजाना 85 टेंकर पानी शहर के अलग अलग हिस्सो व वार्डो मे लोगो के बीच पहुचाया जा रहा है। समय रहते यदि शिवनाथ नदी के रख रखाव पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नही जब भाटापारा क्षेत्र मे भयावह जल संकट से लोग कराह उठेंगे। लोगो ने क्षेत्र मे बढते औद्यौगीकरण के बीच सघन पौधा रोपण की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा है कि समुचे टोहडी घाट क्षेत्र से लेकर कैथी सूमा तरेंगा भाटापारा तथा सेमरिया घाट से लेकर भाटापारा तक सघन पौधा रोपण कर जल संग्रह को बढावा दिया जाना चाहिये ताकि वर्षा जल का संचय पर्याप्त रूप से हो सके एवं भू-जल स्तर संतोषजनक स्थिति मे कायम रह सके।

# महिला कोच में यात्रा करते हुये 98 पुरूष यात्री पकड़े गये



**भाटापारा।** विभिन्न यात्री ट्रेनो मे लगाये गये महिला यात्रियो के लिये आरक्षित कोच मे अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर महिला कोच मे यात्रा करने वाले पुरूष यात्रियो के विरूद्ध रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा अभियान चलाते हुये उनके विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत विभिन्न यात्री ट्रेनो मे कुल 98 पुरूष रेल यात्रियो के विरूद्ध कार्यवाही की गई इस संबंध मे रेल प्रशासन द्वारा लोगो को जागरूक करने के लिये अनेक यात्री ट्रेन यात्री प्रतीक्षालय यात्री परिसर सहित जगह जगह सूचना पत्र चिपकाकर अभियान चलाया जा रहा है व बताया जा रहा है कि महिला कोच मे यात्रा करना दंण्डनीय अपराध है वहीं महिला यात्रियो को यात्रा के दौरान यदि किसी अवांछनीय तत्व एवं किसी भी रेल यात्री पुरूष के द्वारा किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ व अन्य महिला संबंधी अपराध का कृत्य करते पाये जाने अथवा घटना की सूचना पर तत्काल इसकी सूचना महिला रेल यात्रियो को सुरक्षा बल शासकीय रेल पुलिस कार्यरत टीटीई को देने कहा गया है साथ हीं 139 टोल फ्र ी हेल्प लाईन नंबर पर त्वरित जानकारी देने की अपील की गई है ताकि महिला सुरक्षा का मददेनजर रखते हुये उन्हे तत्काल हर प्रकार की सहायता प्रदान की जा सके। प्रशासन का कहना है कि विभिन्न यात्री ट्रेनो मे महिलाओ के लिये आरक्षित कोच मे पुरूष यात्री यात्रा करते हुये पाये जाते है तो उनके विरूद्ध आगे भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# रेल्वे संरक्षा विभाग ने संगोष्ठी का आयोजन किया




**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए रायपुर मंडल के कर्मचारियों के साथ भाटापारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई- शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं जी. एंड एस. आर. नियम 6.07 पर चर्चा (सामान्य नियम 6.07.01 से 6.07.05), स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिग्नलिंग के फेलुअर के दौरान दी जाने वाली प्राधिकार और चालक द्वारा ली जाने वाली सावधानियां, रिले रूम में कार्य करते समय ली जाने वाली सावधानियां एवं डिसकनेक्शन रिकनेक्शन जे पी ओ के बारे में चर्चा, साइडिंग एवं स्टेशन से गाडी क्लियर करते समय चालक, परिचालक एवं स्टेशन कर्मचारी द्वारा की जानेवाली जांच, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का प्रदर्शन, अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन तथा संरक्षा के क्षेत्र में राजभाषा हिंदी की भूमिका। इस संरक्षा सेमिनार में निकेश कुमार पांडेय मंडल राजभाषा अधिकारी रायपुर, बी सिवारे सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता रायपुर ने मुख्य रूप से भाग लिये तथा अजय कुमार मुख्य स्टेशन प्रबंधक भाटापारा एवं संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेमीनार में मंडल कार्यालय से उपस्थित राजभाषा अधिकारी निकेश कुमार पाण्डेय ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में संरक्षा के क्षेत्र में राजभाषा हिंदी की भूमिका को स्पष्ट किया। पाण्डेय ने ट्रेन परिचालन में सरल हिंदी की आवश्यकता पर बल दिया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में नारायणपुर चौक व लिमतरा के पास दिशा सूचक बोर्ड लगाने की मांग, बोर्ड नहीं होने से लोग भटक रहे है रास्ता



**भाटापारा।** रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से भाटापारा शहर की ओर आने के लिये दिशा सूचक संकेत बोर्ड अब तक नहीं लगाये जाने से लोगो मे भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रवासी एक लंबे अरसे से मांग कर रहे है कि रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 के नारायणपुर चंदखुरी चैक के पास भाटापारा शहर के लिये रास्ता जाता है लेकिन उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग के उपर भाटापारा जाने के लिये दिशा सूचक संकेतक बोर्ड नही लगाये जाने से लोग रास्ता भटकने मजबूर है उक्त संबंध मे अनेक राहगीरो ने बताया कि दिन मे तो आम इंसान व छोटे बडे सभी वाहन चालक रूक कर किसी व्यक्ति या होटल ढाबे वाले से रास्ता पूछ लेते है लेकिन रात्रि मे अधिकतर होटल ढाबे जहां बंद हो जाते है वहीं रास्ता चलते आम आदमी नहीं मिल पाते जिससे लोगो को भाटापारा शहर की ओर जाने के लिये रास्ता पूछने मे दिक्कतो से जूझना पड़ता है। अनेक बार तो लोगो को रास्ता भटकना पड़ रहा है खासकर बाहर राज्यो से आने वाले सैकडो वाहन चालक नारायणपुर चंदखुरी चैक पर रास्ता भटक जाते है इस लिहाज से नारायणपुर चैक पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 के उपर बडे आकार के दिशा सूचक संकेतक बोर्ड लगाये जाने की दरकार है भाटापारा से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 नारायणपुर चैक तक मात्र 12 किलोमीटर दूर स्थित है जिससे रास्ता भटकने वाले हलाकान है जनहित मे उक्त स्थल पर प्राथमिकता से बडे आकार के संकेतक बोर्ड लगाने की मांग नागरिको ने पुनरू दोहराई है। इसी तरह शहर से 17 किलोमीटर दूर लिमतरा नांदघाट के पास भी नये संकेतक बडे आकार के बोर्ड भाटापारा की ओर जाने के संबंध मे लगाने की दरकार है नागरिको ने उक्त दिशा मे शीघ्र ध्यान देने की मांग प्रशासनिक अधिकारियो से की है।

# मोती गार्डन के मुख्य द्वार को प्रारंभ करने नागरिकों ने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका के सामने स्थित नगर का एकमात्र मोतीलाल भेजवानी गार्डन है जिसमें एक लंबे समय से गार्डन का मुख्य द्वार का बंद होना भी एक बड़ी समस्या है जिसको प्रारंभ करने की मांग क्षेत्रीय नागरिकों ने करते हुए कहा है कि गौरव पथ के मुख्य मार्ग की ओर से गार्डन का मुख्य द्वार पालिका भवन के सामने बनाया गया था लेकिन एक लंबे समय से वह मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है कब्जे धारी के कारण गार्डन का मुख्य द्वार अवैध कब्जा से पूरी तरह घिर चुका है जनहित में गार्डन के मुख्य द्वार को प्रारंभ कर पूर्व की तरह ही गार्डन को व्यवस्थित किया जाने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान में गार्डन में प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लोगों की आवाजाही का क्रम जारी है जिसमें ज्यादातर महिलाएं व बच्चे होते हैं उन्हें पिछले दरवाजे से आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अतरू लोकहित में गार्डन के मुख्य द्वार को अवैध कब्जा से मुक्त करते हुए मोती गार्डन के मुख्य द्वार को तत्काल प्रारंभ किये जाने की जरूरत है वर्तमान में गार्डन में केयर टेकर की सुविधा नहीं होने से बच्चों के झूले पर आए दिन बड़े-बड़े लोग खेल तमाशा करते हुये सामानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं अतरू वहां पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए केयर टेकर नियुक्त किए जाने की जरूरत है साथ ही गार्डन में फौव्वारा व प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ बड़े पैमाने पर घास व पौधे रोपण की भी जरूरत है ताकि उजड़े पड़े गार्डन को हरा-भरा बनाया जा सके क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से उम्मीद प्रकट की है कि वह गार्डन को व्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाकर नागरिकों को सुविधापूर्ण गार्डन की सौगात देंगे।

# हेलमेट पर जागरूकता के लिये एसपी भावना गुप्ता की सराहना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिला मुख्यालय मे किये गये यातायात जागरूकता के दौरान हेलमेट के प्रति जागरूकता पर दिये बयान का इलेक्ट्रीकल एवं इलेक्ट्रानिक संघ के अध्यक्ष सुनील दुबे एवं भाजपा नेता राजा कामनानी ने स्वागत करते हुये सराहना की है उन्होने बताया कि कुछ वर्षो पूर्व तत्कालिन पुलिस अधीक्षक दीपक झा के नेतृत्व मे हेलमेट व यातायात जागरूक्ता अभियान की शुरूआत की गई थी उसके बाद यह जागरूक्ता अभियान मंद पड गई थी जिसे नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा पुनरू प्रारंभ कर एक तरह से संदेश वाहन चालको को प्रसारित किया गया है कि जिंदगी बचाने के लिये यातायात नियमो का पालन करना आवश्यक है हेलमेट से दुपहिया वाहन चालको की सुरक्षा सुनिश्चित होती है एक आंकडे के अनुसार ज्यादातर दुपहिया वाहन की दुर्घटना मे हेलमेट नहीं होने के कारण मौतो की संख्या ज्यादा देखी गई है। इसी जागरूकता को लेकर तत्कालिन पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने आग्रह कार्यक्रम के तहत ग्राम गिधपुरी से अभियान की शुरूआत की थी जिसे पूरे जिला मे चलाया गया था और उसका असर यह हुआ था कि दूसरे नंबर पर स्थित जिला अधिक दुर्घटना को लेकर के दर्ज था जो जागरूकता के कारण सातवें नंबर पर एवं सबसे कम दुर्घटना वाले जिला के रूप मे अपना स्थान बनाया वर्तमान मे सड़को पर चलने वाले बसो को भी ताकिद करने की जरूरत है कि वह चलते चलते बीच सड़क पर हीं बसो को खडी कर देते है जिसके कारण पीछे से आ रहीं गाडियो को दुर्घटना के शिकार होना पड़ता है जबकि बसो को निर्धारित स्थान पर हीं रूकने की अनुमति दिया जाना चाहिये।

# जिला प्रशासन के सहयोग से सैनिक फिजिकल एकेडमी को मिली सामाग्री

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जिलाधीश दीपक सोनी से मुलाकात कर उन्हे एक मोमेन्टो प्रदान किया गया। और जिला प्रशासन से मिले सहयोग के लिये उनका आभार व्यक्त किया। विदित हो कि भारत माता सैनिक फि जिकल एकेडमी द्वारा निरूशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जाता है भाटापारा के रावण भांठा मैदान मे संचालित उक्त प्रशिक्षण केन्द्र मे सैनिक प्रशिक्षण लेने वाले युवाओ को निरूशुल्क ट्रेनिंग दी जाती है और यह प्रशिक्षण केन्द्र जिला का एक मात्र निरूशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र है जहां पूर्व सैनिको द्वारा सैनिक भर्ती व पुलिस भर्ती के लिये तथा रेल्वे सुरक्षा बलो के भर्ती के लिये आवश्यक प्रशिक्षण दिये जाते है जिलाधीश दीपक सोनी से एकेडमी के संरक्षक सुबेदार सुनील वर्मा एवं जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने मुलाकात कर मोमेन्टो भेंट की और जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया जिलाधीश ने आगे भी ऐकेडमी को हरसंभव मदद देने का भरोसा दिलाया संरक्षक सुबेदार सुनील वर्मा व अध्यक्ष सुनील तिवारी ने बताया कि क्षेत्र मे लंबे समय से पूर्व सैनिको द्वारा युवाओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ऐकेडमी मे प्रशिक्षण सामाग्री की कमी थी जिस पर जिलाधीश दीपक सोनी ने सहृदयता दिखाते हुये कई प्रशिक्षण इक्यूपमेंट प्रदान किये अब तक लगभग 88 युवा विभिन्न पदो पर चयनित हुये है उक्त सहयोग के लिये जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धांजलि योजना अंतर्गत अश्वनी शर्मा ने हितग्राहियों को बांटी राशि



**भाटापारा।** नगर पालिका में श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजना की स्वीकृत राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह सहायता उन परिवारों के प्रति शासन और समाज की सहानुभूति एवं सहयोग का प्रतीक है, जिन्होंने अपने परिजनों को खोने का असीम दुरूख सहा है। नगर पालिका परिषद सदैव जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेगी और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, कुंजराम कोशले, पार्षद संतीश साहू, नंदू वैष्णव, बंटी टंडन, श्री प्रत्येश राठौर एवं देवेंद्र साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### आतंकवादियों का पुतला फूंका गया अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में



**भाटापारा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये कायराना आतंकी हमले में बेगुनाह हिन्दू पर्यटकों की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा नगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुये आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सोमेश सिन्हा, राजीव मिर्झा सहित परिषद के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा ने कहा कि जब तक भारत की युवा शक्ति जागृत है, आतंकवाद की कोई साजिश सफल नहीं होगी। कश्मीर हो या कन्या कुमारी भारत की हर जमीन पर देशभक्ति की लौ जलती रहेगी। भारत की धरती पर ऐसे कायरतापूर्ण हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएँगे। अब समय आ गया है जब आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक एवं कठोरतम कार्यवाही की जाये। कार्यक्रम का समापन शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर किया गया।

### प्रधान पाठक के सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई




**भाटापारा।** संकुल केंद्र गोढ़ी टी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोढी टी में पदस्थ प्रधान पाठक राधेश्याम नायक की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह सह विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राधेश्याम नायक को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें शाला के सभी बच्चों, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं संकुल परिवार के समस्त शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बीआरसी दुर्गेश शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होते, समाज को उनके ज्ञान तथा मार्गदर्शन का लाभ प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मिलता रहता है। बिपिन दुबे ने नायक के कार्यकाल को स्वर्णिम तथा अतुलनीय कार्यकाल बताया तथा अभिनंदन पत्र का वाचन भी किया। शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह के प्रभारी प्राचार्य बंशीलाल मिरी ने भी राधेश्याम नायक को अत्यंत ऊर्जावान, निष्ठावान तथा नवाचारी शिक्षक की भूमिका में पूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन चुम्मन लाल साहू ने किया। संकुल समन्वयक हितेश शर्मा ने कहा कि नायक का अविस्मरणीय कार्यकाल सभी शिक्षकों के लिये अनुकरणीय है और कार्यक्रम को सफल बनाने, पधारे सभी अतिथियों तथा पूरे संकुल परिवार का आभार व्यक्त किया।

# डीडब्ल्यूपीएस स्कूल में तीन दिवसीय आधुनिक तकनीकी कार्यशाला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** डीडब्ल्यूपीएस स्कूल मे 28 से 30 अप्रैल तक तीन दिवसीय आधुनिक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स, एआई एंड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग विषय पर आधारित इस कार्यशाला का आयोजन डिस्ट्रिक्ट साइंस क्लब द्वारा किया जा रहा है जिसकी मेजबानी डीडब्ल्यूपीएस करेगा। उक्त कार्यशाला अटल इनोवेशन मिशन और डीडब्ल्यूपीएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी, जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागिता करेंगे। डीडब्ल्यूपीएस के भी 10 विद्यार्थी इस विशिष्ट अवसर का हिस्सा बनेंगे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को नागपुर से आने वाले कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। तीन




दिवसीय सत्र के अंत में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्रों के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। कार्यशाला को लेकर डीडब्ल्यूपीएस के प्रबंधक अश्विनी शर्मा एवं संदीप गोयल ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालायें विद्यार्थियों को नये युग की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने कहा कि डीडब्ल्यूपीएस सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर ज्ञानवर्धक आयोजनों को प्राथमिकता देता रहा है और भविष्य में भी इस दिशा में सतत प्रयासरत रहेगा। डीडब्ल्यूपीएस इस अत्याधुनिक तकनीकी कार्यशाला की मेजबानी कर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना हमारा लक्ष्य है। यह कार्यशाला उनके नवाचार कौशल को एक नई दिशा प्रदान करेगी। ज्ञानवर्धक कार्यशालाएँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और वैज्ञानिक चेतना को सशक्त करती हैं। डीडब्ल्यूपीएस इस दिशा में निरंतर अग्रसर है। ज्ञात हो कि वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स एआई एंड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता का विकास करना है। समापन अवसर पर प्रतियोगिता आयोजित कर उनकी प्रतिभा को सम्मानित किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

# पहलगॉव के मृत सैलानियों को सशिमं में दी गयी श्रद्धांजलि



**थानखम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में पहलगॉव में मृत हुये सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा आतंकवादियों के इस जघन्य अपराध की घोर निंदा करते हुये इन्हें नेस्तनाबूत करने की मांग की गयी। सशिमं के सभाकक्ष में मैथिली शिक्षण समिति के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारणकर मृत सैलानियों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी। उपस्थित सदस्यों ने आतंक के पर्याय पाकिस्तान को सबक सिखाये जाने की मांग की। सदस्यों ने कहा आतंकवाद की फैक्ट्री पाकिस्तान को धराशायी किया जाना आवश्यक हो गया है। आतंकवादियों और उनके आकाओं का खात्मा किया जाना जरूरी है। साथ ही देश के गद्दारों पर भी सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की। इस अवसर पर सुरेश सिंघानिया, पुरूषोत्तम सिंघानिया, राकेश जोशी, पुरूषोत्तम अग्रवाल, गोपाल कागलीवाल, निखिल अग्रवाल, देवानंद त्रिपाठी, साकेत सिंघानिया, लखनलाल साहू आदि उपस्थित थे।

# राजपूत क्षत्रिय समाज के नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ



**भाटापारा।** राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादह पंजीयन क्रमांक 1282 के अधीन उप समिति भाटापारा क्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनो संपन्न हुआ जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष संजय सिंग ठाकुर निर्वाचित हुये वहीं उपाध्यक्ष पद पर संतोष ठाकुर, सचिव पद पर राजेश सिंग एवं कोषाध्यक्ष पद पर संतोष सिंग बनाये गये। उप सचिव अजय सिंग के अलावा केन्द्रीय कार्यकारिणी के लिये मनोज सिंग निर्वाचित किये गये। केन्द्रीय निर्णय सदस्य के रूप मे मनोज ठाकुर का निर्वाचन किया गया वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे विजय सिंग ठाकुर, राघवेन्द्र सिंग, सत्यनारायण सिंग, तोरण सिंग, लोचन सिंग व दामोदार सिंग का निर्वाचन हुआ इसी तरह महिला अध्यक्ष के रूप मे बसंती ठाकुर का निर्वाचन हुआ वहीं सचिव पद पर सुषमा सिंग का निर्वाचन किया गया। युवाविंग मे अध्यक्ष पद पर ठाकुर उमेश सिंग व सचिव पद पर कुलदीप सिंग निर्वाचित हुये। उक्त समस्त पदाधिकारियों को क्रम से शपथ ग्रहण कराया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार बल्देव भारती ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुये नये पदाधिकारियो को शपथ ग्रहण कराया। उक्त अवसर पर विकास सिंग ठाकुर, ढालसिंग गौतम, कल्याण सिंग ठाकुर व रामानुज सिंग ठाकुर सहित बडी संख्या मे सामाजिकजन उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के पश्चात राजपूत क्षत्रिय महासभा के तमाम उपस्थित पदाधिकारी सदस्यो व महिला पुरूषो ने दो मिनट का मौन धारण कर कश्मीर राज्य के पहलगाम मे आतंकी हमले मे शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग दुखी - इन्द्र साव

**भाटापारा।** प्रदेश सरकार किसानों को ना तो पानी दे पा रही है और ना ही बिजली दे पा रही है, सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को खुश करने में लगी हुई है। उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में कही। विधायक इन्द्र साव ने राज्य सरकार को जन विरोधी, किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप छाया हुआ है वही किसान अपने खेतों में पानी के लिए व्याकुल है। कही पानी की गुंजाइश दिखती भी है तो बिजली वाले विद्युत कटौती कर उसे पूरा कर रहे है। क्षेत्र क्या पूरे प्रदेश में अंधाधुंध बिजली कटौती से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है और ये राज्य सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बिजली देने पर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। विधायक श्री साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश सरकार के समय बिजली के रेट भी घरेलू और व्यवसाय दोनो में कम थे लेकिन इस सरकार ने पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफ तो कर रखा है लेकिन उपभेक्ता की जेब ढीली कर बिजली बिल के रेट में भी वृद्धि कर दिया है, जिससे लोगो का बजट भी गड़बड़ा गया है। राज्य सरकार उसके बाद भी नियमित रूप से किसानों, छोटे व्यापारियों और घरेलू लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आज सरप्लस वाले इस राज्य में बिजली का इतना बुरा हाल है, जब कभी भी, बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती का खुला खेल सरकार खेल रही है। बिजली कटौती के चलते पीने के पानी सहित निस्तार के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि मची हुई है, जो सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।



# राजस्व विभाग में भर्राशाही व लापरवाही से किसान व आमजन परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा के राजस्व विभाग में काम कराने आ रहे लोग कई परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्हें घंटों दफ्तरों में चक्कर काटने पड़ रहे हैं। भाटापारा के राजस्व विभाग में व्याप्त अव्यवस्था और अधिकारियों-कर्मचारियों के ढुलमुल रवैये के चलते आम जनता, खासकर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले फरियादी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। किसी भी काम के लिए उन्हें घंटों दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, फिर भी समय पर कार्य नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, राजस्व विभाग में दलालों का बोलबाला इस




कदर बढ़ चुका है कि सीधे तौर पर काम करवाना लगभग असंभव हो गया है। दलालों के माध्यम से ही काम करवाने का दबाव बनाया जाता है। फरियादियों के कागजातों को जानबूझकर उलझाया जाता है, जिससे उन्हें मजबूरन दलालों की सहायता लेनी पड़ती है। स्थिति यह है कि कई बार जरूरी दस्तावेजों के लिए महीनों तक दौड़ लगानी पड़ती है, फिर भी समाधान नहीं मिल पाता। वहीं, बलौदाबाजार जिला प्रशासन भी भाटापारा राजस्व विभाग की इस बिगड़ी व्यवस्था पर कोई ठोस कदम उठाता नजर नहीं आ रहा है। जिससे आम जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। आमजनो का कहना है कि राजस्व विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उच्चाधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करनी चाहिये। एक लंबे समय से राजस्व प्रशासन के उच्चाधिकारी जिसमे संभागायुक्त व जिला कलेक्टर का औचक निरीक्षण भाटापारा क्षेत्र मे नहीं होने से प्रशासन मे लापरवाही व शिथिलता का माहौल चरम सीमा पर पहुंच रहा है।

# वन नेशन, वन इलेक्शन गोष्ठी में समाज का मिला अपार समर्थन

## रायपुर पश्चिम विधानसभा विधायक राजेश मूणत ने गोष्ठी का किया समर्थन








मनीष सिंह द्वारा

रायपुर । राष्ट्रीय विचार मंच के तत्वावधान में रायपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत शहर के मैक कॉलेज के सभागार में "वन नेशन, वन इलेक्शन विषय" पर गोष्ठी की गई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि यह एक सहायक कदम है, जिसे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि अलग अलग चुनाव कराने से सरकार पर खर्च का बोझ बढ़ता है।

उन्होंने बताया कि बराबर चुनाव होने और आचारसंहिता लगने से महज 3 साल ही विकास कार्य के लिए बच जाता है। भारत को वैभवशाली बनाने वाली बाधक चीजों में बराबर चुनाव का होना है। अत: आवश्यक है कि चुनाव से होनेवाले खर्च को कम करने हेतु वन नेशन वन इलेक्शन को लागू किया जाय।

इस गोष्ठी में विधि से जुड़े मामले को सामान्य भाषा में समझाते हुए वक्त विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ भूपेंद्र करवंडे ने गहरी जानकारी देते हुए कहा कि यह कोई नया विषय नहीं है वर्ष 1983 में पहली बार निर्वाचन आयोग ने आरंभिक वार्षिक रिपोर्ट में एक साथ चुनाव का सुझाव दिया था। उन्होंने संवैधानिक सुधार के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि अनुच्छेद 82 – क, अनुच्छेद 83 और 172 में मामूली सुधार करके एक साथ चुनाव कराया जा सकता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन,बेल्जियम, जर्मनी, इंडोनेशिया और फिलीपींस में एक साथ चुनाव के तरीके के बारे में बताते हुए इसे भारत में लागू कराने की वकालत की।

### राष्ट्रीय विचार मंच ने किया आयोजन

### इस मंच द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन पर फेलोशिप कराने की हुई घोषणा



इस मौके पर रायपुर पश्चिम विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जो निर्णय लिया है, उसे फलीभूत करने के लिए समाज से अपार समर्थन मांगा गया है और हमारे पास सैकड़ों समाज प्रमुख समर्थन पत्र के साथ आएं है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सामान्य सभा में इसे लागू कराने और अन्य गतिविधि करने की बात की। राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल टावरी ने कहा कि हमारा मंच इस गोष्ठी को मोहल्लों तक ले जाएगी । उन्होंने इस विषयवार फेलोशिप योजना की घोषणा की।

इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम गान से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक (उत्तर भारत, पूर्वोत्तर भारत, और उत्तर पूर्वी प्रांत) ने किया।

इस मौके पर उक्त अतिथियों के अतिरिक्त शिल्प कला मंडल अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, क्रांतिरथ छत्तीसगढ़ के संपादक नारायण भूषणिया, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, महामंत्री सत्यम दुवा , तात्यापारा मंडल अध्यक्ष चैतन्य टावरी, पार्षद दीपक जायसवाल, सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### इन बिंदुओं पर भी वक्ताओं ने प्रकाश डाला

1. क्रम टूटा, खर्च बढ़ा - 1952 से 1967 तक हुआ था एक साथ चुनाव हुआ था। इसका म टूटा तो देश पर बोझ बढ़ा ।
2. बाधित विकास, बढ़ती उदासीनता : साल - दर - साल चुनाव होने और आचारसंहिता के कारण विकास के कार्य ठप हो जाते हैं और इससे मतदाता परेशान होकर मतदान से उदासीन होते जा रहे हैं।
3. विपक्ष के बेतुके तर्क : विपक्ष ने एक नया विमर्श खड़ा किया है, जैसे - संघीय ढांचा का नुकसान, संविधान खतरे में, छोटे राजनैतिक दलों का अस्तित्वभमेन आयेगा खतरा, राज्य सरकारों की शक्ति यां कम होंगी, बराबर चुनाव होने से काला धन बाहर आता है और रोजगार मिलता है आदि, जो सरदार राजनैतिक है और कुतर्क का खजाना है।
4. संविधान में एक साथ चुनाव करने का नहीं था विधान :
5. क्या यह अचानक आया विषय : नहीं ! वर्ष 1983 में पहली बार निर्वाचन आयोग ने आरंभिक वार्षिक रिपोर्ट में एक साथ चुनाव का सुझाव दिया था। आयोग ने विस्तार से इसके नुकसान को बताया था।
6. देश में है 80 प्रतिशत समर्थन
7. कई देशों का हुआ है अध्ययन - दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, बेल्जियम, जर्मनी, इंडोनेशिया और फिलीपींस में होते है एक साथ चुनाव।

# भाटापारा में डीजे की धमक से प्रशासन हुआ बहरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर में इन दोनों डीजे की धमक से लोग हलाकान हैं हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश के बाद भी शहर में बेखौफ रूप से डीजे बजाया जा रहा है जगह-जगह सभी प्रकार के कार्यक्रम में डीजे की धमक से लोग हलाकान हैं वही प्रशासन द्वारा फुल साउंड में बजा जा रहे डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने से उनके हौसले दिनों दिन बढ़ रहे हैं डीजे की धमक से एक और जहां रोगी व बीमार व्यक्ति तथा अन्य सामान्य वर्ग के लोग परेशान हैं वहीं हॉस्पिटल एवं अन्य संवेदनशील जगहों पर भी डीजे की धुन से लोग हलकान है इस संबंध में तरेंगा गांव निवासी नंदू सोनी का कहना है कि उनका एक कान का पर्दा डीजे की भयानक धमक के चलते शून्य हो गया है इस विषम परिस्थिति में वह अपने काम के दौरान



सुनने में शारीरिक रूप से परेशान है जिसको लेकर उन्होंने शिकायत भी की है लेकिन सक्षम प्रशासन द्वारा किसी भी डीजे बजाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने से शहर में चारों तरफ डीजे की धमक फिर से सुनाई दे रही है फुल वॉल्यूम के साथ डीजे में अनेक प्रकार के अश्लील गाने व धुन बजाये जाने से जहां एक और लोग हलकान है वही अनेक छोटे-मोटे घरों के सामान व छप्पर भी डीजे की धमक से हिलने लगे हैं इन सब के बावजूद प्रशासन द्वारा डीजे बजाने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से अब शहर में जगह-जगह यह चर्चा है कि क्या डीजे की धमक के बीच प्रशासन पूरी तरह बहरा हो चुका है या फिर कोर्ट के आदेश व नियमों का पालन करते हुसे सख्ती से तमाम डीजे संचालक व डीजे बजाने वालों के विरुद्ध दंडात्मक व अन्य प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी या फिर यूं ही डीजे की धमक से शहर वासी परेशान होते रहेंगे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.com